卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 337 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦14 सितम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## सनातन को खत्म करना चाहता है नया गठबंधन: मोदी

भोपाल(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश के दौरे पर हैं। उन्होंने बीना शहर में बीना रिफाइनरी में पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स सहित 50,700 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी। पीएम मोदी ने बीना के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जी20 समिट की सफलता कोई मोदी का कमाल नहीं है, ये सब देश की 140 करोड़ जनता की सामूहिक शक्ति का कमाल है। पीएम ने कहा कि बीना की जनता जानती है कि भाजपा ने कैसे राज्य का विकास किया। पीएम ने कहा कि यहां की पुरानी पीढ़ी जानती है कि कैसे कांग्रेस ने राज्य में



भ्रष्टाचार को चरम पर ला दिया था और बुंदेलखंड के लोगों को पानी तक के लिए तरसा दिया था। पीएम ने विपक्ष पर भी हमला बोला। पीएम ने कहा कि देश में एक नया गठबंधन बना है जो सनातन को खत्म करना चाहता है। मोदी ने कहा कि ये घमंडिया गठबंधन जान ले कि सनातन को न कोई खत्म कर पाया है और न कोई कर पाएगा। मोदी ने कहा कि बीना में पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स आने से ये क्षेत्र विकास के नए आयाम लिखेगा। पीएम ने कहा कि बीना के साथ पूरे एमपी का विकास होगा। पीएम मोदी ने कई परियोजनाओं की आधारशिला रखने के बाद कहा कि मैं सीएम शिवराज सिंह का सबसे पहले धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने बीना के लोगों के बीच जाने का मुझे न्यौता दिया। उन्होंने कहा बुंदेलखंड की धरती पर आना मुझे अच्छा लगता है। पीएम ने कहा कि आज बीना पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स की आधार शिला मेक इन इंडिया को नई गति देगा।

## फर्जी एसओजी अधिकारी बनकर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। खुद को एसओजी अधिकारी बताकर दो लाख से अधिक की रकम हड़पने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से ठगी की 49 हजार की नगदी भी बरामद की है। सीओ सिटी अनुषा



बडोला ने खुलासा करते हुए बताया कि उत्तम खान पुत्र स्व. गुच्चान खान निवासी ग्राम गोधी थाना बिलासपुर जिला रामपुर ने तहरीर देकर कहा था कि गोसिन पुत्र नन्हे खान निवासी भैसिया ज्वालापुर थाना भैसिया जिला रामपुर को स्मैक एनडीपीएस के मामले में एसओजी पुलिसकर्मी रूद्रपुर ने पकड़ लिया (शेष पृष्ठ सात पर)

## युवती को सरेआम जबरन अगवा करने की कोशिश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है जिसमे यहां तिकोनिया चौराहे पर सरेआम कुछ युवकों ने एक युवती के साथ अभद्रता करते हुए उसे अपनी बाइक में खींच अगवा करने की कोशिश की। शोर होने पर युवक मौके से फरार हो गए। युवती की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।जानकारी का अनुसार गत रात्रि एक युवती तिकोनिया चौराहे से पैदल कैनाल रोड होते हुए हीरा विहार कॉलोनी जा रही थी। इस बीच दो युवक बाइक और स्कूटी से उस युवती का पीछा करने लगे। बताया जाता है कि उनमें एक युवक ने युवती को जबरदस्ती बाइक पर खींचने की कोशिश की। जब युवती ने इसका विरोध करते हुए शोर मचाया तो युवक वहां से भाग गए। युवती ने घटना की सूचना अपने परिजनों को दी। जिसके तुरंत बाद युवती के परिजन मौके पर पहुंचे। मामले की जानकारी मिलने पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने घटनास्थल के समीप एक कार्यालय में युवती के परिजन के साथ सीसीटीवी फुटेज की जांच की। जिसमें आरोपी दिख रहे हैं। पुलिस ने कहा कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा। भोटिया पड़ाव पुलिस चौकी ने युवती की तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज किया गया है। (शेष पृष्ठ सात पर)

## शॉर्ट सर्किट से दुकान में भड़की आग, लाखों की क्षति

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत रात्रि प्रेम सिनेमा के समीप कार सीट कवर की दुकान में शार्ट सर्किट के कारण आग लग जाने से दुकान में रखा लाखों रुपए कीमत का सामान जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी दुकान मालिक को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुँचे परिजनों ने दुकान के ताले तोड़कर सामान को बचाने के लिए काफी मशक्कत की लेकिन आग ने दुकान के अंदर रखे पूरे सामान को अपनी चपेट में लिया और दुकान के अंदर रखा लाखों रुपये का सामान पूरी तरह से आग की भेंट चढ़ गया। जानकारी के अनुसार धर्मेन्द्र कुमार और सुरेन्द्र कुमार निवासी मुखानी की यहां प्रेम सिनेमा दीवार से लगी सूरज गद्दी पोस्टर एण्ड कार एसीसिरिज के नाम से तीन दुकानें है। रात करीब 8.30 बजे उन्होंने दुकान बंद की



और घर चल गए। रात उनके पास फोन आया कि उनकी दुकान में आग लग गयी है। सूचना मिलते ही दुकान स्वामी मौके पर पहुंचे। इस दौरान पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। आसपास लोगों की भारी भीड़ जुट गई। पानी डालकर आग पर काबू पाया गया। तब तक लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। हांलाकि सूचना मिलते ही फायर कर्मचारी तीन फायर गाड़ियों के साथ मौके पर पहुँच गए। दमकल कर्मियों ने फायर बिग्रेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाते हुए नजदीकी दुकानों को आग की लपटों से बचा लिया नहीं तो यहां पर नुकसान के साथ-साथ एक बड़ा हादसा घटित हो सकता था।दुकान मालिक के अनुसार दुकान के अंदर रखा 15 से 20 लाख रुपए कीमत का सामान जल गया है। क्योंकि दुकान के अंदर महंगी-महंगी कई मशीने रखी हुई थी। इसके अलावा सीट कवर, महंगे-महंगे स्टीरियो व कार एसेसरीज का काफी सामान था। जो सभी जलकर खाक हो गया। इधर सूचना पर कोतवाल हरेन्द्र चौधरी एवं भोटिया पड़ाव चौकी प्रभारी कुमकुम धानिक पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गयी और मामले की जानकारी जुटाई।

## हिजामं ने फूंका कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद का पुतला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हिंदू जागरण मंच द्वारा आज जोरदार प्रदर्शन के साथ डी डी चौक पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री शहरी विकास विभाग प्रेम चंद अग्रवाल का पुतला दहन किया गया। रोषित कार्यकर्ताओं का आरोप था कि देहरादून के डालनवाला स्थित एमडीडीए कॉलोनी में अवैध रूप से संचालित धार्मिक स्थल परिसर को सील करने के आदेश जिलाधिकारी देहरादून द्वारा दिए गए थे। जिसको रविवार के दिन अविधिक तौर पर एमडीडीए सचिव मोहन सिंह बर्निया द्वारा दरकिनार कर संचालक को एक सप्ताह का समय दे



दिया गया था इसके बाद भी उसके विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं हुई। उन्होंने कहा कि इस विषय को लेकर गत 5 अगस्त से हो रहे आंदोलन के बाद भी संबंधित अधिकारी पर कोई कार्यवाही ना होना यह दिखाता है की उत्तराखंड में ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों को किस स्तर तक संरक्षण प्राप्त है। यह विषय सिर्फ एक अधिकारी को हटाने का नहीं है बल्कि उत्तराखंड में अतिक्रमण के रूप में हो रहे लैंड जिहाद पर कार्यवाही को किस प्रकार भ्रष्ट अधिकारी धनोपाजर्न का अवसर बना रहे हैं यह उससे भी जुड़ा हुआ है । पिछले दिनों हिंदू जागरण मंच पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार का पुतला दहन किया। जिसकी प्रतिक्रिया सिर्फ प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे देश में अलगाववादी विचार रखने वाले सामाजिक संगठनों लोगों व नेताओं द्वारा (शेष पृष्ठ सात पर)

## नई नजूल नीति के तहत फ्रीहोल्ड की प्रक्रिया शुरू

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। नई नजूल नीति का लाभ पात्र लोगों को पहुंचाने के लिए प्रक्रिया शुरू हो गयी है। नगर निगम



की ओर से बुधवार को वार्ड 35 आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी में शिविर लगाकर लोगों के फार्म भरे गये। मेयर रामपाल सिंह ने लोगों से नीति का लाभ उठाने का आहवान किया। शिविर लगाने से पूर्व से पूर्व नगर निगम कार्यालय में मेयर रामपाल सिंह ने मुख्य नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल, एसडीएम मनीष बिष्ट, तहसीलदार पूजा शर्मा, सहायक नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी राजस्व विभाग एवं नगर निगम के अधिकारियों के साथ नजूल नीति के सरलीकरण को लेकर बैठक की । बता दें हाल ही में सरकार ने नई नजूल नीति का सरलीकरण किया था जिसके तहत पचास वर्ग मीटर तक के भूखण्डों का मालिकाना हक दिलाने के लिए उन्हें नि:शुल्क फ्रीहोल्ड किया जा रहा है। नीति का लाभ अधिक (शेष पृष्ठ सात पर)

## शराब की दो दुकानों पर एक साथ चोरी

रामनगर(उद संवाददाता)। बुधवार देर रात नेशनल हाईवे स्थित शहीद भगत सिंह चौक भवानीगंज क्षेत्र में स्थित अंग्रेजी एवं देसी शराब की दुकानों में अज्ञात चोरों ने एक साथ चोरी करते हुए पुलिस के सुरक्षा दावों की पोल खोलने के साथ ही इस




इलाके में लगे पुलिस के सीसीटीवी कैमरे पर भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं।घटना की जानकारी मिलने के बाद गुरुवार की सुबह मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाना शुरू कर दिया है। दुकान के सेल्स मैन ललित जोशी ने बताया कि रात को अंग्रेजी और देसी शराब की दुकान के कर्मचारी दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। गुरुवार की सुबह जब दोनों दुकानों के कर्मचारी दुकान पर पहुंचे और (शेष पृष्ठ सात पर)

## कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर लूट ली युवती की आबरू

### कोर्ट के निर्देश पर तीन महिलाओं समेत सात के खिलाफ संगीत धाराओं में अभियोग दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। शादी का झांसा देकर युवती की अस्मत से खिलवाड़ करने का एक और हैरतअंगेज मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने उक्त मामले में कोर्ट के निर्देश पर तीन महिलाओं समेत कुल सात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर महुआ खेड़ा गंज निवासी एक युवती ने बताया कि मोहल्ला जुलाहान ईदगाह रोड जसपुर निवासी आरिफ पुत्र शमशेर उसके रिश्ते में है इस कारण उसके घर आना जाना था। कोर्ट को दिए प्रार्थना पत्र में पीड़िता ने बताया कि लगभग 2 वर्ष पूर्व आरिफ ने शादी का झांसा देकर उसे प्रेम जाल में फंसा लिया। पीड़िता का आरोप है कि बीते 17 जुलाई को जब वह मोहल्ला लक्ष्मीपुर पट्टी मधुबन नगर में रहने वाली अपने बहन के घर आई थी इसी दौरान आरिफ ने शाम लगभग 7:00 बजे उसे विश्वास में लेकर मंदिर के समीप अकेले में बुलाया और साथ चलने की जिद करने लगा। आरिफ ने पीड़िता को यकीन दिलाया कि वह तुरंत उससे निकाह करेगा। आरिफ की बातों पर भरोसा कर जब युवा थी उसके साथ चलने को तैयार हो गई तो आरिफ उसे बाजपुर रोड स्थित एक होटल के कमरे में ले गया और कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर युवती के बगैर मर्जी के उसके साथ बलात्कार किया। पीड़िता का आरोप है कि अस्मत के साथ खिलवाड़ करते हुए आरोपी आरिफ ने उसकी वीडियो बना ली। नशा उतारने पर जब पीड़िता ने इसका विरोध किया तो आरोपी आरिफ ने निकाह करने के एवज में 50 हजार रुपयों की डिमांड रख दी। आरिफ ने धमकाया कि यदि उसकी डिमांड पूरी नहीं की तो वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। घटना के बाद घर लौटकर पीड़िता ने परिजनों को आप बीती सुनाई। पीड़िता के माता-पिता तथा उसके संबंधियों ने जब आरोपी के घर जाकर उससे इस बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया तो आरोप है कि आरोपी आरिफ, आरिफ के पिता शमशेर, मां खुर्शीदा, भाई तस्लीम, बहने शाहीन एवं शमा के अलावा शमा के पति ने आपस में एक राय होकर गाली गलौज करते हुए पीड़िता के परिजनों को (शेष पृष्ठ सात पर)

# आईजी कुमाऊं नीलेश आनंद भरणे सहित आठ पुलिस अधिकारियों का किया तबादला

## अजय सिंह देहरादून, आईपीएस प्रहलाद सिंह मीणा नैनीताल, प्रमेंद्र डोभाल हरिद्वार और रेखा यादव चमोली जिले के नए पुलिस कप्तान बने







देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड पुलिस महकमे में बुधवार को बड़ा फेरबदल हुआ। शासन ने आठ पुलिस अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी कर दिए हैं। उत्तराखंड सरकार ने चार जिलों देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल व चमोली के पुलिस कप्तान समेत आठ पुलिस अधिकारियों में फेरबदल किया है। अजय सिंह को देहरादून जिले का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। गृह अपर सचिव अतर सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। पुलिस महानिरीक्षक नीलेश आनंद भरणे को कुमाऊं मंडल पुलिस महानिरीक्षक पद से हटाकर इसी पद पर पी एंड एम में भेजा गया है। डा. योगेंद्र सिंह रावत को पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं मंडल बनाया गया है। देहरादून जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह कुंवर को इस पदभार से मुक्त कर पुलिस उपमहानिरीक्षक अभिसूचना के पद पर तैनाती दी है। हरिद्वार जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रहे अजय सिंह को इसी पद पर देहरादून भेजा गया है। हरिद्वार में प्रमेंद्र डोबाल को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। वहीं नैनीताल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पंकज भट्ट को सेनानायक, 46वीं वाहिनी पीएसी रुद्रपुर के पद पर भेजा गया है। प्रह्लाद नारायण मीणा को नैनीताल का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। रेखा यादव चमोली जिले की पुलिस अधीक्षक होंगी। वह हरिद्वार में पुलिस अधीक्षक यातायात के पद पर तैनात थीं। शासन ने बुधवार रात को आठ आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। जिसमें चार जिलों के कप्तान और कुमाऊं रेंज में फेरबदल हुआ है। देहरादून के पुलिस कप्तान को डीआईजी इंटेलीजेंस बनाया गया है। नैनीताल के पुलिस कप्तान पंकज भट्ट को 46वीं बटालियन पीएसी का कमांडेंट बनाया गया है। जबकि, नैनीताल की जिम्मेदारी अब आईपीएस प्रह्लाद सिंह मीणा देखेंगे। इसके साथ ही एसपी यातायात हरिद्वार रेखा यादव को चमोली का पुलिस कप्तान बनाया गया है। चमोली पुलिस कप्तान रहे प्रमेंद्र डोबाल इसी साल आईपीएस प्रमोट हुए हैं। उन्हें अब प्रदेश के सबसे महत्वपूर्ण जिलों में से एक हरिद्वार की जिम्मेदारी दी गई है।

# प्रधानमंत्री मोदी के पिथौरागढ़ भ्रमण कार्यक्रम की व्यवस्थायें दुरूस्त करने के दिए निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिवालय में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की आगामी पिथौरागढ़ भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का अक्टूबर माह में होने वाला यह भ्रमण कार्यक्रम राज्य के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिला प्रशासन, सेना, आईटीबीपी, बीआरओ, पुलिस, परिवहन विभाग, केन्द्रीय संचार एजेंसियों व अन्य सम्बन्धित विभागों को प्रभावी समन्वय के साथ कार्य करना होगा। एसीएस ने बीआरओ तथा लो.नि.वि. को प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के मार्गों की व्यवस्था को समयबद्धता से दुरूस्त करने और प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम में जोलिंग कोंग व आगे के उच्च दुर्गम स्थलों में सुचारू सोलर विद्युत आपूर्ति हेतु उरेडा को पुख्ता इंतजाम के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने जिले में वीआईपी मूवमेंट के दृष्टिगत वाहनों की अतिरिक्त आवश्यकता को देखते हुए परिवहन विभाग को वाहन पूल की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही एसीएस ने पर्याप्त आवासीय व्यवस्था हेतु आईटीबीपी तथा केएमवीएन को निर्देश दिए हैं। एसीएस श्रीमती रतूड़ी ने जानकारी दी कि जल्द ही मुख्य सचिव प्रधानमंत्री जी के पिथौरागढ़ भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों के निरीक्षण हेतु कार्यक्रम स्थलों का भ्रमण करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी भी कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा हेतु कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण करेंगे। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक श्री अशोक कुमार, विशेष प्रमुख सचिव श्री अभिनव कुमार, सचिव श्री अरविन्द सिंह ह्यांकी, श्री सचिन कुर्वे, श्री पकंज कुमार पाण्डेय, श्री विनोद कुमार सुमन, वर्चुअल माध्यम से कुमाऊँ आयुक्त श्री दीपक रावत, जिलाधिकारी पिथौरागढ़ श्रीमती रीना जोशी उपस्थित थे।



# सीएम ने 17 व्यक्तियों और संस्थाओं को एसडीजी एचीवर अवॉर्ड से सम्मानित किया

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में 17 व्यक्तियों और संस्थाओं को एसडीजी एचीवर अवॉर्ड से सम्मानित किया, जिसमें 12 संस्थाओं एवं 05 लोगों को व्यक्तिगत रूप से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि वर्ष 2030 तक सतत विकास लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए जनपदों में प्रतियोगिता की भावना के दृष्टिगत इस वर्ष से एस.डी.जी. एचीवर ट्रॉफी प्रदान की जायेगी, जिसमें सभी 13 जनपदों के विजेता एवं उपविजेता घोषित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि एस.डी.जी. को पंचायत स्तर तक क्रियान्वित करने के लिए 2030 तक 17-23 सितम्बर तक एस.डी.जी सप्ताह के रूप में मनाया जायेगा। जिसमें सभी विकासखण्डों, पंचायतों विद्यालयों, जनपदों एवं राज्य स्तर पर कार्यशालाएं, जन जागरूकता कार्यक्रम, वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास के लक्ष्य को हासिल करने के लिये सभी को सम्मिलित रूप से प्रयास करने होंगे। आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड बनाने के लिए सबको समन्वित प्रयास करने होंगे। बहुत सी संस्थाएं और व्यक्ति सामाजिक, आर्थिक व पर्यावरण के क्षेत्र में बेहतर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड को श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिये हम सभी को मिलकर आगे बढ़ना है। इकोलॉजी और इकोनोमी में संतुलन बनाकर विकास जरूरी है। उन्होंने एसडीजी इंडेक्स में उत्तराखण्ड को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए और प्रयासों की भी जरूरत बताई। मुख्यमंत्री ने सम्मानित होने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि इससे अन्य लोग और संस्थाएं भी प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि समाज और देश के लिये काम करने वाले व्यक्तियों से मिलकर वे स्वयं प्रेरित होते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री जी द्वारा दिए गए मंत्र ष्सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासष को मूल में रखकर लक्ष्य प्राप्ति के पथ पर अग्रसर है। हम प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व मुख्य सचिव एवं ज्यूरी के अध्यक्ष श्री एन रविशंकर, सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुंदरम, यूएनडीपी की प्रतिनिधि इसाबेल सचान, सीपीपीजीजी के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. मनोज कुमार पंत उपस्थित थे।

# मासूम बच्चे का एक लाख में सौदा करने वाली महिला सहित तीन लोग गिरफ्तार

हरिद्वार(उद संवाददाता)। सिडकुल क्षेत्र से चार दिन पहले अपहृत हुए छह साल के बालक को पुलिस ने बरामद करते हुए पतंजलि की एक महिलाकर्मी समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। छानबीन में पता चला है कि महिला को एक बेटे की चाहत थी, उसने एक लाख रुपये में सौदा तय कर आरोपियों से बच्चा खरीदा था। तीनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। प्रेस कांफ्रेंस में बालक के अपहरण व खरीद-फरोख्त की घटना का पर्दाफाश करते हुए एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र सिडकुल की शुभम विहार कालोनी से नौ सितंबर को सुभाष प्रजापति का छह साल का बेटा घर के बाहर खेलने के दौरान गायब हो गया था। अज्ञात अपहरणकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन की गई। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते अपहरणकर्ताओं का हुलिया पता किया गया। अहम सुराग मिलने पर थानाध्यक्ष नरेश राठौड़ के नेतृत्व में एक पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर रविंद्र निवासी ग्राम बामनोली दोघट जिला बागपत उत्तर प्रदेश और जनक सिंह निवासी ग्राम नगवा थाना बुढ़ाना जिला मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर शगुन निवासी मेरठ उत्तर प्रदेश हाल निवासी ग्रीन सिटी सिडकुल के घर से अपहृत बालक को बरामद कर लिया। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि पतंजलि में काम करने वाली शगुन को 2007 में एक बेटी हुई थी। उसके बाद कोई संतान नहीं हुई, जबकि शगुन एक बेटा चाहती थी। औद्योगिक क्षेत्र में मजदूरी करने वाले रविंद्र से संपर्क होने पर उसने अपने साथी जनक को प्लान बताया और लालच में आकर दोनों ने चाऊमीन खिलाने के बहाने बालक का अपहरण कर शगुन के हवाले कर दिया। एसएसपी ने बताया कि शगुन ने 30 हजार रुपये एडवांस दिए थे। बाकी रकम तीन-चार दिन में देने की बात तय हुई थी। एडवांस ली गई रकम में से 20 हजार की नकदी भी बरामद की गई है। आरोपितों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। इस दौरान एसपी क्राइम रेखा यादव, एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह, सीओ सदर स्वप्निल मुयाल मौजूद रहे।

# चोरों ने घर से नगदी जेवर समेत लाखों का माल उड़ाया

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।अज्ञात चोरों ने बंद घर के ताले तोड़कर अलमारी से चार लाख से अधिक की नगदी और जेवर पर हाथ साफ कर लिया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है। अरविंद नगर निवासी दिलीप मल्लिक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह वो अपनी पत्नी के साथ 4 सितम्बर को वृंदावन गए थे। 10 सितम्बर को घर आने के बाद जब अलमारी खोला तो अलमारी के लॉकर का ताला टूटा हुआ पाया। लॉकर में रखें चार लाख बारह हजार रुपए , सोने के तीन जोड़ी कान की बाली ,दो मंगलसूत्र, 10 जोड़ी कानों के रिंग, दो जोड़ी चांदी की पायल आदि जेवरात गायब थे । दिलीप मल्लिक ने तहरीर में बताया कि घर का छानबीन करने पर पूरब दिशा में लगा घर का टटिया टूटा हुआ मिला । उसने अंदेशा जताया कि चोर टटिया तोड़कर घर में घुसे हैं। घटना की जानकारी मिलने पर ग्राम प्रधान के पति पंकज बसु ने 10 सितम्बर को शक्ति फार्म पुलिस चौकी में सूचना दे दी ,जिसके बाद चौकी प्रभारी जगदीश तिवारी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी की तथा छानबीन में जुट गए। दिलीप मल्लिक ने मंगलवार को पुलिस चौकी में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# मेडिकल स्टोर में घुस कर दुकानदार से मारपीट, वीडियो हुआ वायरल

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में दबंगों ने मेडिकल स्टोर में घुस कर दुकानदार से मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है। पीड़ित की ओर से तहरीर पुलिस को दी। जानकारी के मुताबिक ट्रांजिट कैंप क्षेत्र जनपद रोड पर एक मेडिकल स्टोर है। बुधवार की रात को मेडिकल स्टोर पर कुछ दबंग पहुंच गए। दबंगों ने मेडिकल स्टोर के अंदर घुस गये और मेडिकल स्टोर स्वामी के साथ गाली गलौज करते हुए गिरेबान पकड़ लिया और मारपीट शुरू कर दी। मेडिकल स्टोर स्वामी के साथ मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि मेडिकल स्टोर स्वामी की ओर से पुलिस को तहरीर दी है। फिलहाल दबंगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है। थाना ट्रांजिट कैंप के इंस्पेक्टर सुंदरम शर्मा का कहना है कि पुलिस को तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस जांच कर कार्रवाई करेगी।

# गुरूद्वारा में पड़ा सहज पाठ का भोग

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा गोल मार्केट रूद्रपुर में स्त्री सत्संग सभा द्वारा रखे गये प्रकाश पर्व को समर्पित सहज पाठ का भोग पड़ा एवं कथा कीर्तन व शबद कीर्तन के प्रसाद लंगर का प्रसाद बांटा गया। इस अवसर पर स्त्री सत्संग सभा की प्रधान बीवी परमजीत कौर पम्मी ने आई हुई संगत का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि आगे भी गुरूनानक देव जी की कृपा से ऐसे प्रोग्राम होते रहेंगे।

# डेंगू की रोकथाम के लिये सार्वजनिक स्थानों पर चलायें अभियान

नैनीताल(उद संवाददाता)। जनपद में डेंगू एवं मलेरिया बीमारियों के संक्रमण पर नियंत्रण एवं प्रभावी उपचार हेतु जिलाधिकारी वंदना ने बुधवार को बीडी पांडे चिकित्सालाय नैनीताल के सभागार में अब तक किये गए कार्यों की विस्तृत रूप से समीक्षा बैठक लेते हुए सम्बन्धित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएम ने समस्त नगर निकायों के ईओ एवम नगर निगम, स्वास्थ्य अधिकारिंयो को निर्देशित किया है कि विशेष टीम गठित कर वार्डवार, सभी आवासीय तथा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में व सार्वजनिक स्थानों पर, जिन स्थानों पर पानी जमा होने की संभावना होती है उन स्थानो पर विशेष अभियान के तहत साफ-सफाई का अभियान चलाते हुए डेंगू लार्वा को नष्ट करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग, नगर निकाय, नगर निगम,जिला पंचायत, पंचायत राज अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में ऑडियो, वीडियो व नुकड़ नाटक, समाचारो के माध्यम से विशेष रुप से डेंगू एवं मलेरिया के बचाव एवं इलाज से संबंधित जानकारी लोंगो तक पहुंचाना सुनिश्चित करें एवं प्रतिदिन की रिपोर्ट उपलब्ध करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी को सभी सरकारी एवम गैर सरकारी विद्यालयों में चेकिंग करने के निर्देश दिए तथा सभी स्कूली बच्चों को फुल बाजू के कपड़े पहनने, डेगूं एवं मलेरिया के बचाव से संबंधित जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत राज अधिकारी को आशा कार्यकत्री, ग्राम प्रधान, आंगनवाड़ी, ग्राम विकास अधिकारी की स्पेशल टीम गठित कर ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण कर मलेरिया व डेंगू एवं वर्षाकाल में होने वाले अन्य रोगों की रोकथाम एवम बचाव के लिए जागरूक करने के भी निर्देश दिए। डीएम ने गौलापार, हल्द्वानी क्षेत्र में अभियान के तहत डेंगू लार्वा एव मलेरिया के बचाव हेतु साफ-सफाई के अलावा फॉगिंग करवाने के निर्देश दिए। इसके दौरान डीएम ने बीडी पांडे चिकित्सालाय में ओपीडी कक्ष, सर्जिकल वार्ड,ऑर्थोवार्ड, बच्चा वार्ड, महिला वार्ड, ऑपरेशन वार्ड, चिल्ड्रेन वार्ड, प्रसूति कक्ष आदि का निरीक्षण करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को एमरजेंसी वार्ड पर दवाइयों की लिस्ट, ड्यूटी चार्ट डॉक्टरों के नाम व मोबाइल नंबर, हेल्पडेस्क आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बीडी पाण्डे के निर्माणाधीन लिफ्ट के धीमी कार्य प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कार्यदाई संस्था का स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। इस अवसर पर समस्त नगर निकायों के इओ, नगर निगम के नगर स्वास्थ्य अधिकारी, पंचायत राज्य अधिकारी के अलावा सम्बंधित अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# जम्मू कश्मीर में शहीद हुए जवानों को दी श्रद्धांजलि

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जम्मू कश्मीर में विगत रात्रि शहीद हुए पुलिस तथा सेना के अफसरों को लोकतन्त्र सेनानी संघ ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। लोकतन्त्र सेनानी एडवोकेट सुभाष चन्द्र छाबड़ा ने जम्मू कश्मीर में आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार की मांग करते हुए उसे समूल नष्ट करने की मांग की है। एडवोकेट छाबड़ा ने कहा कि सैनिकों के प्रतिदिन शहीद होने की खबरें जनमानस को विचलित करती हैं तथा भारत की राष्ट्रीय अंखडता तथा सम्प्रभुता को चुनोती हैं आतंकवाद के खिलाफ कड़े कदम उठा कर जनता से किये गए वादों को पूरा करना चाहिए। शहीद भगतसिंह महाविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष तथा ओमैक्स सोसायटी के सचिव अभिनव छाबड़ा ने कहा कि भारत को अब आतंकवादियों को कड़ा सबक सिखाना ही होगा तथा पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर को तुरंत मुक्त कराना चाहिए तभी आतंकवाद पर काबू पाया जा सकेगा क्योंकि शांति और अमन की तमाम कोशिशें बेनतीजा रहीं हैं, लोकतन्त्र सेनानी मुकेश चतुर्वेदी बल्ली ने कहा कि सरकार को आतंकवाद के खात्मे के लिए और कठोर कदम उठाने चाहिंए। लोकतन्त्र सेनानी सुरेश पुंशी,एस. एस. अधिकारी , जुगल किशोर बाम्बा,नरेश रस्तोगी, कृष्ण लाल अरोड़ा ने भी विचार व्यक्त कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की । श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता लोकतन्त्र सेनानी कस्तूरी लाल तागरा ने की ।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# नानकमत्ता में ट्रैफिक पुलिस की तैनाती नहीं होने से यातायात व्यवस्था चरमराई

## गुरुद्वारा मार्ग पर वाहन चालक वाहनो को सड़कों के बीच में आड़े तिरछे कर देते हैं खड़ा, फुटपाथों पर सजी दुकाने, यातायात बाधित

**गुरबख्श सिंह 'काका'**

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। शहर में ट्रैफिक पुलिस की तैनाती न होने से यातायात व्यवस्था पूरी तरह से लड़खड़ा गई है। गुरुद्वारा मार्ग पर वाहन चालक अपनी मर्जी से वाहनों को सड़कों के बीच में आड़े तिरछे खड़ा कर देते हैं। जिससे यातायात बाधित हो जाता है। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था भगवान के भरोसे चल रही है। शहर में यातायात पुलिस का कोई भी कर्मचारी तैनात नहीं है। गुरुद्वारा मार्ग पर प्रतिदिन जाम से राहगीरों को गुजरना पड़ता है। किसी राहगीर ने सड़क वाहन खड़ा करने का विरोध किया तो वाहन चालक झगड़ा करने में उतारू हो जाते हैं। हालात यह है कि शहर में पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। पहले तो शहर की छोटी सड़क ऊपर से वाहन आडे तिरछे खड़े होने से राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। वाहन चालकों पर भी पुलिस कर्मी भी कोई कार्रवाई नहीं करता है। नगर के मुख्य चौराहे पर पुलिस कर्मी की भी कोई तनाती नहीं की गई है। शहर का जनप्रतिनिधि भी यातायात व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए कोई ध्यान नहीं दे रहा है। यातायात विभाग द्वारा यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए नकारा साबित हो रहा है। शहर में ट्रैफिक पुलिस की तैनाती नहीं कर पा रहा है। स्कूल की छुट्टी के समय जाम से स्कूली बच्चे भी अछूते नहीं है। स्कूल की छुट्टी होने पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए पुलिस प्रशासन के पास कोई व्यवस्था नहीं है। स्कूल के वाहन सवार बच्चों को निकालने के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। गुरुद्वारा मार्ग की सड़क पहले ही कम चौड़ी है। इन सड़कों पर अतिक्रमण का राज है। सड़क फुटपाथ व्यापारियों के कब्जे में है। रही सही कसर फड़ व्यापारी कर रहे हैं। सड़क पर फुटपाथ पर जगह-जगह दुकानें सजी है । कहीं रेहड़ी ढेली तो कहीं फास्ट फूड के कार्नर सजे हैं। शहर के बाजारों में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। व्यापारी द्वारा अपनी दुकानों के आगे वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है। जिसे यातायात व्यवस्था लड़खड़ा जाती है। बिगड़ती यातायात व्यवस्था में आवारा पशुओं विचरण भी बड़ा कारण है। बाजार में पशु कभी भी कहीं बैठ जाते हैं जिससे गुजरने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है । शहर के मुख्य चौराहे के दहला रोड पर टेंपो चालक अपने वाहनों को आड़े तिरछे कर खड़े कर देते हैं जिससे जाम की स्थति पैदा हो जाती है। शहर की जनता यातायात व्यवस्था को अवरूद्ध करने वाले के खिलाफ दिख रही है । ऐसे में पूरा फायदा शहर की यातायात व्यवस्था चौपट करने वाले वाहन चालक उठा रहे हैं। रात को खूब चौड़े दिखने वाले मार्ग दिन में अतिक्रमण की वजह से संकरे दिखाई देते हैं। लोगों कहना है कि शहर की यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस कर्मी हर समय मुस्तैद हो। शहर में ट्रैफिक पुलिस तैनात न होने से शहर की यातायात व्यवस्था लड़खड़ा गई है। कई बार तो राहगीरों को शहर की छोटी सी छोटी गलियों से होकर गुजरना पड़ता है। जाम से निजात पाने के लिए ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की शहरवासी लम्बे समय से मांग भी करते आ रहे हैं । गौरतलब है कि ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं। श्रद्धालुओं को जाम से होकर गुजरना पड़ता है। श्रद्धालुओं में भी पुलिस प्रशासन के प्रति रोष पनपता दिखाई दे रहा है।

# राजभाषा हिंदी का उम्दा जानकार होना गर्व की बात: डॉ. मणिन्द्र मोहन

पंतनगर (उद संवाददाता)। कोई भी भाषा, भावनाओं व विचारों के आदान-प्रदान का सबसे सशक्त माध्यम होता है। भारत में 14 सितंबर 1949 में हिंदी को राजभाषा की मान्यता दिया जाना कहीं न कहीं हिंदी की विशिष्टता और उसके महत्ता को परिलक्षित करता है। हिंदी दुनिया में सबसे ज्यादा बोली तीसरी भाषा है। वैसे भारत में 400 से ज्यादा भाषाएं बोली जाती है, जिसमें हिंदी को राजभाषा होने का गौरव प्राप्त है। यह बात उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद, हल्दी, पन्तनगर के वैज्ञानिक डॉ. मणिन्द्र मोहन ने हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर कही। डॉ. मणिन्द्र मोहन ने कहा कि बहुभाषावाद के इस युग में बौद्धिक विकास व समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हिंदी के साथ अन्य भाषाओं का ज्ञान अति आवश्यक है, लेकिन भारतीय होने के नाते देश की राजभाषा हिंदी का एक उम्दा जानकार होना बड़े ही गर्व की बात है। हिंदी राजभाषा की प्रासंगिकता और महत्ता देश मे सदैव सर्वोपरि बनी रहे



इसके लिए सभी देशवासी को एकजुट होकर इसको बढ़ावा देना होगा और प्रत्येक मंच से हिंदी के प्रति लगाव एवं समर्पण को दिखाना होगा। भावी पीढ़ियों में हिंदी के प्रति लगाव और जुड़ाव बना रहे और नित्य बढ़ता रहे, इसके लिए उनको हिंदी के प्रचार-प्रसार और उपयोग से जोड़े रखना होगा। हालांकि, हिंदी हमे पुरखों से विरासत में मिली है, जो हिंदी भाषियों के रग-रग, उनके रोजमर्रा, उनके अचार-विचार, आचरण, सभ्यता व संस्कृति में हमेशा परिलक्षित होती है। हिंदी, हमारे देश की सभ्यता और संस्कृति के स्तम्भों से जुड़ी भाषा है, जो देश के हर उमंग-उल्लास, पर्व-त्योहार एवं जीवन के विभिन्न रंग-रूपों में देखने को मिलती है। यकीनन, अगर देखें तो हिंदी भाषियों के लिए हिंदी उनके आन, बान, शान और अस्मिता की असल पहचान है। इसलिए, आजादी के इस अमृतकाल में हिंदी देश और वैश्विक स्तर पर अपने अधितम ऊचाइयों को प्राप्त करे, इसके लिए सभी देशवासियों को पूर्ण निष्ठा व समर्पण के साथ अपना-अपना उत्कृष्ट योगदान देना होगा।

# आकृति ऐंजल एकेडमी में मनाया हिंदी दिवस

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।आकृति ऐंजल एकेडमी जजफार्म में हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित कवि सम्मेलन का दीप प्रज्वलन के साथ माँ शारदे की स्तुति से प्रारंभ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कवि राज कुमार भंडारी, वेद प्रकाश अंकुर, सत्य देव सत्या, हेमंत डोभाल के द्वारा कविता पाठ कर हिंदी भाषा पर प्रकाश डाला और बच्चों को हिंदी भाषा की महत्ता बताई। स्कूल के आशिका मेहरा, ओजस्वी उपाध्याय, लावण्या गंगवार, रजत, सौम्या, पिंकी सहित कक्षा 3,4,5 के नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा भी भाषण एवं कविता पाठ किया गया। स्कूल



की डारेक्टर कुसुम दिगारी ने सभी अतिथियों, बच्चों एवं स्कूल की शिक्षिकाओं को हिंदी दिवस की बधाई देते हुए हिंदी भाषा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन करते प्रधानाचार्या गीता बिष्ट ने सभी अतिथियों का स्वागत कर सभी शिक्षिकाओं एवं बच्चों को हिंदी दिवस की बधाई देते हुए सभी अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम में हर्षवर्धन पाण्डे, अनिता पांडे, तनुजा बोरा, तनुजा अवस्थी, भावना नेगी, भावना बिष्ट, पूजा, रेनू, गरिमा, गीता पंत सहित सभी अध्यापिका और बच्चे उपस्थित रहे।

# उत्साह पूर्वक मनाया हिंदी दिवस

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय डियोढ़ी में हिंदी दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ प्रतिभाग करते हुए सुंदर चित्र बनाए। इससे पूर्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक सोबरन सिंह राणा ने बच्चों को हिंदी दिवस के महत्व को बताते हुए कहा कि सर्वप्रथम 14 सितंबर सन 1949 को हिंदी को राष्ट्रीय भाषा मानने हेतु सहमति बनी जिसे आधिकारिक मान्यता 14 सितंबर सन 1953 को प्रदान करी गई।विद्यालय के वरिष्ठ सहायक अध्यापक सूरज सक्सेना ने बताया कि हिंदी हमारे राष्ट्र का गौरव है और हिंदी को विश्व में भी आज प्रमुख स्थान



अर्जित है और विश्व में हिंदी बोलने वालों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हिंदी की लोकप्रियता को देखते हुए प्रत्येक वर्ष 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोहम्मद इलियास, ग्राम प्रधान पीएस राणा, विमला देवी, जीत कौर, मोहम्मद फरमान, समीर, रमनदीप कौर, अरुण राणा आदि उपस्थित थे।

# राज्यपाल ने दी हिंदी दिवस की बधाई

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रदेश वासियों को हिंदी दिवस के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा है कि दुनिया में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में से एक, ''हिंदी'' समर्थ और सक्षम भाषा है। उन्होंने कहा है कि हिंदी को समर्थ व सक्षम बनाने के लिए अलग-अलग क्षेत्रों के लोगों ने भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा की हिंदी भाषा देश के स्वाभिमान का प्रतीक है और विश्वभर में फैले भारत वासियों को अपनत्व की डोर से जोड़ती है। राज्यपाल ने कहा की सभी के प्रयासों का ही परिणाम है कि वैश्विक मंच पर हिंदी लगातार अपनी मजबूत पहचान बना रही है जिस पर हमें गर्व है। उन्होंने कहा कि हिंदी दिवस, हमें हमारी भाषा के साथ-साथ हमारे आदर्शों एवं मूल्यों के प्रति सजग रखने का कार्य भी करता है। उन्होंने सभी से आह्वान किया है कि हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी के प्रचार-प्रसार और उपयोग का संकल्प लें।

### मातृभाषा हिंदी दिवस

भारत देश का मान है हिंदी
भारत माँ के माथे की बिंदी है हिंदी,
जनमानस की आवाज है हिंदी,
साहित्य की पहचान है हिंदी,
विश्व की भाषा में
चौथा स्थान है हिन्दी,
एक लेखक का मान है हिंदी
लेखनी का सम्मान है हिंदी



अद्भुत सौम्य भाषा है हिंदी,
सरल, निर्मल हृदय
का भाव है हिंदी,
बुजुर्गो का आदर सम्मान है हिंदी
रिश्तों का सादर मान है हिन्दी,
भावनात्मक ताकत भी हिंदी में,
शब्दो का उत्तम ताना बाना हिंदी
भारत की राष्ट्र भाषा है हिंदी,
फिजी द्वीप की आधिकारिक
भाषा है हिंदी मेरा मान है हिंदी
मेरे भारत की शान है हिंदी,
सर्वधर्म समभाव है हिंदी,
विश्व में भारत की पहचान है हिंदी,
स्वतंत्र भारत की असल
पहचान है हिंदी,
माँ के ममत्व का भाव है हिंदी।

**-निकेता पाहुजा, रुद्रपुर**

### हिंदी दिवस की बधाई

नव सागर नव तरंग है हिंदी।
चंदन वन सुरभित
उपवन की क्यारी है हिंदी।
प्रेम की अनुपम परिभाषा है हिंदी।
हर हृदय की अभिलाषा है हिंदी।



हिंदी में प्रेम पिता का
मात्र हृदय की चंचलता है हिंदी।
जिस भाषा में सभी
भाव भरने की अद्भुत क्षमता है।
जो भाषा अब अखिल
विश्व में बोली समझी जाती है।
वह भारत की जननी
भाषा हिंदी कहलाती है।
सारे जग की भाषाओं में
सबसे प्यारी हिंदी।
लेते हैं संकल्प हम
स्वदेशी भाषा का मान बढ़ाएंगे।
समस्त विश्व में हिंदी
भाषा को सम्मान दिलाएंगे।
राष्ट्र प्रेम की जन जन में जोत जलाएंगे।
हिंदी भाषा का परचम
संपूर्ण विश्व में लहराएंगे।
जय हिंद जय भारत

**-शालिनी शर्मा, रूद्रपुर**

# संस्कृत महाविद्यालय में हिंदी दिवस महोत्सव आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक सुमित हृदयेश उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि एमबीपीजी कॉलेज से प्रोफेसर प्रभा पंत रही। इस अवसर पर प्रोफेसर प्रभा पंत ने छात्रों को हिंदी दिवस के अवसर पर देश- विदेश में चल रहे विविध हिंदी के विषय से अवगत कराया। छात्रों द्वारा विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें विशेष रूप से कुमाऊनी नृत्य इत्यादि रहे। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष मोहन गिरि स्वामी, महेश शर्मा, प्रधानाचार्य मनोज कुमार पांडे, डा. गोपाल दत्त त्रिपाठी, कीर्ति चंद्र कलौनी , डॉ. नारायण दत्त थुवाल, श्रीमती जानकी त्रिपाठी, दीपचंद जोशी, कृष्ण चंद्र पांडे, साकेत पाठक, मोहित जोशी एवं उपस्थित रहे।



# बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सिद्धा में आयोजित बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आधारित शिक्षक प्रशिक्षण के द्वितीय बैच के प्रथम दिवस के अवसर पर नोडल अधिकारी सुरेश कुशवाह प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज औदली, संदर्भ दाता दिनेश चौहान, अभिषेक चौहान,कुलवंत सिंह द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ किया । नोडल अधिकारी द्वारा अपने संबोधन में समस्त प्रशिक्षण ले रहे शिक्षकों को प्रशिक्षण के दौरान संदर्भ दाताओं द्वारा साझा की गई हैं। उन्हें अपने दायित्व को समझते हुए विद्यालय स्तर पर अवश्य



प्रयोग करें। संकुल प्रभारी जसौद मेहता द्वारा सदन में उपस्थित समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का अभिवादन करते हुए प्रशिक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। खिलानंद अटवाल प्रधानाध्यापक राजकीय प्राथमिक विद्यालय बंगाली कॉलोनी नानकमत्ता द्वारा अपने संबोधन में उपस्थित सभी शिक्षकों को बताया कि प्रशिक्षण अति महत्वपूर्ण व समयबद्ध है इन छह दिवसीय प्रशिक्षण में संदर्भ दाताओं द्वारा भाषा विकास व गणितीय संक्रियाओं पर आधारित जो भी गतिविधियों व क्रियाकलाप सदन में साझा किए जाते हैं। उन्हें विद्यालय स्तर पर बच्चों के साथ साझा करना प्रत्येक शिक्षक का परमदायित्व है ताकि जो इस प्रशिक्षण का लक्ष्य 2026-27 तक कक्षा तीन तक के बच्चों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान प्राप्त कराना है तभी प्रशिक्षण सार्थक होगा।

# समाज के अंतिम छोर तक पहुंचे 'आयुष्मान भव' अभियान

## 'आयुष्मान भव' योजना भारत के 140 करोड़ लोगों के जीवन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने और बीमारियों से बचाव के लिए एक बड़ा क्रांतिकारी अभियान : द्रौपदी मूर्मू




देहरादून (उद संवाददाता)। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को गांधीनगर, गुजरात से 'आयुष्मान भव' अभियान का वर्चुअली शुभारंभ किया। आयुष्मान भव अभियान केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की एक व्यापक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य सेवा पहल है जिसका उद्देश्य देश के हर गांव और कस्बे तक स्वास्थ्य सेवाओं की संतृप्ति कवरेज प्रदान करना है। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2023 तक 'सेवा पखवाड़ा' के दौरान चलाया जाएगा। आयुष्मान भव अभियान के अंतर्गत आयुष्मान-आपके द्वार 3.0, स्वास्थ्य केंद्रों व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष्मान सभाओं का आयोजन और हर गांव व पंचायत में आयुष्मान मेलों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं के कवरेज को अधिक से अधिक करना है। उद्घाटन समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, सहित सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से माननीय राज्यपालों, माननीय मुख्यमंत्रियों, राज्य मंत्रियों और विभिन्न क्षेत्रों से संबद्ध अधिकारियों ने वर्चुअली प्रतिभाग किया। ''आयुष्मान भव'' अभियान के शुभारंभ के अवसर पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम राजभवन में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत मौजूद रहे। राजभवन में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत नि:क्षय मित्र बनकर रोगियों की मदद करने वाली 05 संस्थाओं, एक्शन फॉर एडवांस डवलपमेंट सोसायटी, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड उत्तराखण्ड, द हिमालयन वेलनेस कंपनी, बालाजी सेवा संस्थान उत्तराखण्ड और लायंस क्लब देहरादून को राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने उपस्थित सभी लोगों को अंगदान/देहदान की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने कहा कि ''आयुष्मान भव'' योजना भारत के 140 करोड़ लोगों के जीवन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए और लोगों के जीवन को सुखमय बनाने के लिए एक बड़ा क्रांतिकारी अभियान है। हर एक नागरिक के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी लेते हुए केंद्र सरकार ने बहुत बडे अभियान की शुरूआत की है। यह अभियान हर घर और हर व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ इस अभियान से जुडे रेखीय विभागों को गंभीरता से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि हमारे गांव स्वस्थ होंगे, तो भारत स्वस्थ होगा। ''आयुष्मान भव'' अभियान स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए टर्निंग प्वाइंट और गेम चेंजर अभियान है। राज्यपाल ने कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं को अंतिम छोर तक और प्रत्येक घर और प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने से लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि ''आयुष्मान भव'' अभियान के माध्यम से उत्तराखण्ड को स्वस्थ और सुखी रखने का यह संकल्प हम सभी को लेना है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी के सामूहिक प्रयासों से अन्य योजनाओं की तरह इस योजना का भी प्रदेश में सफल क्रियान्वयन होगा। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ''आयुष्मान भव'' अभियान निश्चित रूप से समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाने में सफल होगा। इस विशेष अभियान के दौरान जो कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, उससे स्वास्थ्य विभाग की नीतियों व कार्यक्रमों के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए विशिष्ट दृष्टिकोण विकसित होगा। हमारा पारंपरिक ज्ञान कहता है कि अच्छे स्वास्थ्य से बड़ी नेमत कुछ नहीं है। हमारी संस्कृति विश्व को एक परिवार के रूप में देखना सिखाती हैं और अच्छे स्वास्थ्य के लिए हमारा दृष्टिकोण ''एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य'' है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा उत्तराखंड को हर क्षेत्र में व्यापक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। हर क्षेत्र में लाभार्थियों तक सुविधाओं को पहुंचाने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार के परस्पर समन्वय से कार्यों का सफल संपादन किया जा रहा है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि ''आयुष्मान भव'' अभियान के अंतर्गत प्रदेशभर में 700 रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जायेगा। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 10-10 शिविरों का आयोजन होगा जिनमें स्वयंसेवी संस्थाएं, एनएसएस, रेडक्रॉस सोसायटी, स्काउट्स-गाइड्स एवं रोवर रेंजर्स के साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा, शहरी विकास, पंचायतीराज, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने कहा कि इन शिविरों में स्वैच्छिक रक्तदान के साथ ही रक्तदान हेतु पंजीकरण, अंगदान एवं देहदान के लिए भी पंजीकरण कराया जायेगा। जबकि राजकीय संयुक्त चिकित्सालयों व आयुष्मान हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स में साप्ताहिक स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया जायेगा जहां पर चिकित्सकों द्वारा स्थानीय लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही गैर संचारी रोगों की भी जांच की जायेगी। कार्यक्रम के अवसर पर विधायक जागेश्वर मोहन सिंह मेहरा, सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर. राजेश कुमार, अपर सचिव श्रीमती स्वाति एस. भदौरिया, महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ. विनीता शाह सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी और मेडिकल कालेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# सीडीओ ने मांगी विधायक निधि के कार्यों की रिपोर्ट

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। बुधवार को विकास भवन सभागार में सीडीओ विशाल मिश्रा की अध्यक्षता में विधायक निधि योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। सीडीओ ने कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विधायक निधि के कार्यों की विस्तृत सूचना उपलब्ध करायी जाय, जिसमें द्वितीय किश्त का भी विस्तृत विवरण हो। कुल स्वीकृत कार्यों के सापेक्ष जिन कार्यों की द्वितीय किश्त अवमुक्त की जा चुकी है तथा जिन कार्यों की द्वितीय किश्त अवमुक्त की जानी है, का स्पष्ट विस्तृत विवरण उपलब्ध कराया जाय। विधान सभा क्षेत्र बाजपुर के विधायक निधि योजना वित्तीय वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत 47 कार्यों के आगणन प्राप्त न होने तथा 19 कार्यों का जियोटैग न होने पर सीडीओ द्वारा रोष व्यक्त किया गया तथा अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग, ऊधमसिंहनगर को सम्बन्धित अपर सहायक अभियन्ता का माह- सितम्बर, 2023 का वेतन रोकने के निर्देश दिये गये। अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग, ऊधमसिंहनगर द्वारा अवगत कराया गया कि 02 दिवस के भीतर आगणन तैयार करवा कर प्रस्तुत कर दिये जायेंगे। विधान सभा क्षेत्र बाजपुर के विधायक निधि योजना वित्तीय वर्ष 2020-21 के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों में से 02 कार्यों के अपूर्ण रहने पर सीडीओ द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए खण्ड विकास अधिकारी, बाजपुर का स्पष्टीकरण लेने के साथ ही सम्बन्धित अपर सहायक अभियन्ता तथा खण्ड विकास अधिकारी, बाजपुर का माह- सितम्बर, 2023 का वेतन रोकने के निर्देश दिये गये।विधान सभा क्षेत्र जसपुर के विधायक निधि योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत स्वीकृत 18 कार्यों के अनारम्भ रहने तथा वित्तीय वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत 02 कार्यों के आगणन उपलब्ध न कराने पर सीडीओ द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए खण्ड विकास अधिकारी, जसपुर का स्पष्टीकरण लेने के साथ ही माह- सितम्बर, 2023 का वेतन रोकने के निर्देश दिये गये। विधान सभा क्षेत्र गदरपुर, रूद्रपुर, किच्छा, नानकमत्ता तथा खटीमा के वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 के आगणन लम्बित रहने पर सीडीओ द्वारा अत्यन्त अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, ऊधमसिंहनगर को आगणन यथाशीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, ऊधमसिंहनगर द्वारा अवगत कराया गया कि कुछ आगणन गठित कर दिये गये हैं, अवशेष आगणन गठित करवा कर प्रस्तुत कर दिये जायेंगे। बैठक में परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण हिमांशु जोशी, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई सुशील कुमार, अधिशासी अभियन्ता, पंकज कुमार, अधिशासीअभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, ऊधमसिंहनगर तेज, सिंह, अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, ऊधमसिंह नगर ,बी0 बी0 जोशी, खण्ड विकास अधिकारी, बाजपुर ,शेखर जोशी, खण्ड विकास अधिकारी, गदरपुर ,सुशील कुमार, कनिष्ठ अभियन्ता, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, आदि मोजूद रहे।



# जिले में आयुष्मान भव: अभियान सेवा पखवाड़ा का हुआ वर्चुअल शुभारम्भ

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पंडित राम सुमेर शुक्ल राजकीय मेडिकल कॉलेज, रुद्रपुर के सभागार में आयुष्मान भव: अभियान के वर्चुअल शुभारंभ के अवसर पर जिलाधिकारी उदय राज सिंह द्वारा अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने आयुष्मान भव: अभियान के तहत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़े के तहत स्वास्थ्य योजनाओं का अंतिम व्यक्ति तक को लाभ देने के लिए को कहा। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा क्षय रोगियों की सहांयता के लिए आगे आने वाले जनपद के नि:क्षय मित्रों को शाल ओढाकर सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी श्री विशाल मिश्रा द्वारा जनपद में सभी का आयुष्मान कार्ड व अन्य स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ देने पर जोर दिया। मुख्य



चिकित्सा अधिकारी डा0 मनोज कुमार शर्मा द्वारा आगामी 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़े के दौरान प्रस्तावित गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज जनपद की सभी चिकित्सा इकाइयों, खास तौर पर सभी 154 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयुष्मान भव: अभियान के वर्चुअल शुभारंभ के अवसर पर मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डा. शाही,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. हरेंद्र मालिक, डा. एस. पी. सिंह, डा. प्रियंका बंसल, मुख्य शिक्षा अधिकारी श्री आर. सी. आर्य,जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री उदय प्रताप, हिमांशु मस्यूनी, चांद मियां आदि भी उपस्थित रहे।

# शिव मंदिर में मीना शर्मा को किया सम्मानित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा, श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शिव शक्ति युवा मंच आवास विकास द्वारा श्री शिव शक्ति मंदिर में बनाई गई मां वैष्णो देवी यात्रा की विशाल झांकी को देखने पहुंची, जहां शिव शक्ति मंदिर समिति और शिव शक्ति युवा मंच के पदाधिकारियों ने श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा का भव्य स्वागत किया। शिव शक्ति युवा मंच और शिव शक्ति मंदिर प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने कांग्रेस नेत्री श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा का शाल ओढ़ाकर एवं मां दुर्गा की प्रतिमा सहित स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका स्वागत किया। अपने संबोधन में श्रीमती शर्मा ने कहा कि शिव शक्ति युवा मंच के सभी पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने निष्ठा, लगन, समर्पण और एकाग्रता के साथ मां वैष्णो देवी यात्रा की सजीव झांकी का चित्रण किया है। इसमें शिव शक्ति युवा मंच के पदाधिकारियों ने कड़ी मेहनत की है स जिसके फलस्वरूप सभी श्रद्धालुओं को मां वैष्णो देवी यात्रा की अनुभूति रुद्रपुर में भी देखने को मिली है। इस दौरान श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा ने सभी श्रद्धालुओं के साथ श्री वैष्णो देवी यात्रा का संपूर्ण अवलोकन किया, और मां वैष्णो देवी की पूजा अर्चना की। इस दौरान शिव शक्ति मंदिर समिति के अध्यक्ष पवन वर्मा,व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, गगन दुनेजा, अभय गोयल, विकास भल्ला, राजेश कामरा, सौरभ राज बेहड़, सत्यम अरोड़ा, करण आनंद, महंत आनंद कुमार, अनिल कुमार बिल्ला सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।



# श्रमिकों ने सहायक श्रम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सिडकुल स्थित बजाज मोटर्स कंपनी के श्रमिकों ने अपनी समस्याओं के समाधान की मांग पर एक मांग पत्र सहायक श्रम आयुक्त प्रशांत कुमार को सौंपा। इस दौरान बजाज मोटर्स कर्मकार यूनियन के महामंत्री हीरा सिंह राठौर ने कहा कि श्रमिक यूनियन ने गठन के बाद वैधानिक तरीके से प्रबंधन को आवश्यक वेतन बढ़ोतरी सहित कंपनी के नियमानुसार श्रमिकों को दी जाने वाली तमाम सुविधाओं का मांग पत्र 6 अप्रैल 2023 को दिया था। परंतु किसी भी मांग पर प्रबंधन ने गौर नहीं किया। जिस कारण कंपनी में श्रमिकों का शोषण बढ़ते जा रहा है। घोर महंगाई के दौर में भी श्रमिकों का वेतन न बढ़ने से श्रमिको की आर्थिक स्थिति कमजोर होते जा रही है। लंबे समय से श्रमिकों की जायज और वैध मांगों पर कार्यवाही नही करने से श्रमिक असंतोष में हैं। स्थाई श्रमिकों को काम करते हुए 16 साल हो चुके हैं। कंपनी भारी मुनाफे में है फिर भी वेतन नही बढ़ाया जा रहा है। ऐक्टू प्रदेश महामंत्री के.के. बोरा ने कहा कि शासन-प्रशासन को श्रमिकों के हित में श्रम कानूनों का पालन कराने की जिम्मेदारी है। ऐसा न होने से श्रमिकों का शोषण बढ़ता जा रहा है। मांग पत्र पर कार्यवाही करते हुए श्रम आयुक्त ने 16 सितंबर को कंपनी प्रबंधन को सूचित करते हुए त्रिपक्षीय वार्ता बुलाई है। श्रम आयुक्त महोदय ने श्रमिकों से धैर्य व अनुशासन बनाए रखने की अपील की है। ज्ञापन देने वालों में यूनियन महामंत्री हीरा सिंह राठौर, ऐक्टू प्रदेश महामंत्री के. के. बोरा, यूनियन उपाध्यक्ष जगमोहन डसीला, संयुक्त मंत्री नागेन्द्र यादव, कोषाध्यक्ष हेम दुर्गापाल, संदीप हुड्डा, महिपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।



# मीरा को मारने की कोशिश श्री कृष्ण ने की नाकाम

## ओमप्रकाश अरोरा परिवार ने किया श्री कृष्ण लीला मंचन का शुभारंभ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म सभा एवं श्री सनातन धर्म युवा मंच द्वारा श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में आयोजित प्रभु श्री कृष्ण की लीला मंचन के छठे दिवस की लीला का शुभारम्भ मुख्य यजमान के रूप में ओमप्रकाश अरोरा, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कैलाश रानी अरोरा, मनोज अरोरा, संकल्प अरोरा, आदि ने भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित कर किया। पं. कैलाश चन्द्र शर्मा एण्ड पार्टी वृन्दावन के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत श्री कृष्ण की लालाओं को देख उपस्थित श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गये। श्री कृष्ण के भजनों को सुनकर सारे भक्तजन भक्ति में मग्न होकर नाचने लगे। श्री कृष्ण लीला के छठे दिवस पर कलाकारों ने वृंदावन से आए पंडित श्री बृजरज रसिक श्री कैलाश चंद्र शर्मा के निर्देशन भाव विभोर मंचन किया। मेरे तो गिरधर गोपाल दूसरो न कोई जाकर सिर मोर मुकुट मेरो पति सोई चित्तौड़ की रानी वक्त मति मीराबाई जी का चरित्र देख समस्त भक्तगण भाव विभोर हो गए। मीरा के जेठ राणा वीरेंद्र सिंह ने नाना प्रकार से मीरा जी को प्रताड़ित किया। उनके गिरधर गोपाल की चोरी की फिर उनके लिए सांप का पिटारा भेजा और राणा जी ने मीरा की करने के लिए विष का प्याला भेजा किंतु गिरधर गोपाल की कृपा से मीरा को कुछ नहीं हुआ। राणा विरेंद्र सिंह द्वारा मीरा को मारने के षडयंत्र को हर बार भगवान श्रीकृष्ण द्वारा नाकाम किया जाता रहा। लीला के इस मंचन को देखकर उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालु भाव विभोर हो गये। जेठ राणा विरेंद्र सिंह द्वारा ज्यादा प्रताड़ित किये जाने से दुखी होकर मीरा श्री धाम वृंदावन की ओर प्रस्थान कर गई। यह दृश्य देख भक्तगण भाव विभोर हो गए। इस मौके पर श्री सनातन धर्म सभा अध्यक्ष महेश बब्बर, विजय जग्गा, मुलखराज ठुकराल, अमित अरोरा बॉबी, विजय विरमानी, हरिचन्द मिड्ढा, अध्यक्ष महेश बब्बर, सतविंदर कौर, राजकुमार खनीजो, शिवम खनीजो, गौरव बेहड़, अमित चावला, संदीप सुधीर, सुरेश राजदेव, अजय ठुकराल, राकेश सुखीजा, शशि अरोरा, पिंकी ग्रोवर, किरन जग्गा, सीमा दुनेजा, कंचन ग्रोवर, राज वर्मा, सोनिया अरोरा, सुभाष अग्रवाल, गिरीश अरोरा, अजय ठुकराल, राकेश सुखीजा, सचिन तनेजा, गौरव तनेजा, सुमित बब्बर, रोहित जग्गा, महावीर आजाद, मदन ग्रोवर, राजन राठौर, शिवम जग्गा, शशि अरोरा, पिंकी ग्रोवर, किरन जग्गा, सीमा दुनेजा, कंचन ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, जीवन फुटेला आदि मौजूद थे।





# कुमाऊं विश्वविद्यालय में क्रीड़ा बोर्ड का गठन

नैनीताल (उद संवाददाता)। कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल क्रीड़ा विभाग की 2023-24 के हेतु वार्षिक बैठक सम्पन्न हुई जिस की अध्यक्षता प्रोफेसर दीवान सिंह रावत कुलपति कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल ने की बैठक में सचिन डॉ नागेंद्र शर्मा ने 2022-23 की वार्षिक आख्या प्रस्तुत की। सभी का स्वागत किया। बैठक का संचालन शोध निदेशक प्रोफेसर ललित तिवारी ने किया। बैठक में गत वर्ष की बैठक का एजेंडा अनुमोदित किया गया तथा 2022-2023 के लिए क्रीड़ा बोर्ड का गठन किया गया जिसके अध्यक्ष कुलपति प्रोफेसर दीवान सिंह रावत तथा सचिव डॉक्टर नागेंद्र शर्मा होंगे इसमें कुल सचिव तथा वित्त नियंत्रक को शामिल किया गया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि खेल अनुशासन सीखते हैं तथा स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के लिए खेल आवश्यक है खिलाड़ी उत्साह और उमंग के साथ देशभक्ति का पाठ भी पढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि कुमाऊं विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने उत्तराखंड का उत्तराखंड का गौरव बढ़ाया है तथा ड्रॉप रो बॉल, मिनी गोल्फ, वुड बॉल, क्वान की दो, में बेहतरीन प्रदर्शन किया। इसलिए हर व्यक्ति,विद्यार्थी को खेल खेलना आवश्यक है। बैठक में आगामी वर्ष हेतु खेलों का आवंटन भी किया गया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया जिनमें रामनगर महाविद्यालय के महिंद्रा आर्य, प्रदीप चौधरी, पूजा तड़ियाल,श्रुति हलसी, भावना जोशी, प्रियांशी रावत, कॉलेज हल्द्वानी के प्रगति दुमका, दिव्या गोस्वामी, लक्ष्मी, श्वेता भाकुनी, चेतन भट्ट, रुद्रपुर महाविद्यालय के पवन बिष्ट, सुमित मेहता, अभय बिष्ट, योगेश पांडे,संजय भट्ट, मयंक सुंदरियाल, राजा बाबू, अंकित रमोला, काशीपुर महाविद्यालय के मनजोत कौर, पायल थापा, दीक्षा, आरती जोशी, सितारगंज महाविद्यालय के मनदीप सिंह, तथा डीएसबी परिसर के तेजस्वी कुमार, हर्षित थापा, वैशाली पांडे, तान्या चंद्र, शोभा बिष्ट, भारती पर्गाई साक्षी, कुंदन पांडे को कुलपति प्रोफेसर दीवान सिंह रावत ने स्वर्ण पदक रजत पदक कांस्य पदक प्रदान किए। टीम प्रशिक्षक एवम मैनेजर डॉ अर्जुन सिंह जगेरा, राकेश परिहार, लोकेश पांडे, धीरज चौधरी, ममता मिलकानी को भी सम्मानित किया गया। कुलपति स्वर्ण पदक प्रगति दुमका हल्द्वानी महाविद्यालय, पुरुष वर्ग में सयुक्त विजेता योगेश पांडेय रुद्रपुर महाविद्यालय एवम महेंद्र आर्य रामनगर महाविद्यालय को प्रदान किया गया। कुलपति ट्राफी एम बी महाविद्यालय हल्द्वानी 86 अंक ने प्रथम डीएसबी परिसर नैनीताल 70 अंक ने द्वितीय तथा एसबीएस महाविद्यालय रुद्रपुर 68 अंक तृतीय स्थान हासिल किया। प्रभारी कुल सचिव दुर्गेश डिमरी ने सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में कुलपति प्रोफेसर दीवान सिंह रावत को शॉल ओढ़ाकर तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वित्त नियंत्रक अनीता आर्य, भीमताल परिसर निर्देशक प्रोफेसर एल के सिंह, प्रभारी कुल सचिव दुर्गेश डिमरी, प्रोफेसर ललित तिवारी को क्रीड़ा सचिव डॉ नागेंद्र शर्मा ने प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम कुलगीत से प्रारंभ हुआ तथा राष्ट्रीय गान से सम्पन्न हुआ। बैठक में प्रोफेसर एन एस बनकोटी, डॉ डी.सी.पंत, डॉ एमसी पांडेय, डॉ अग्रवाल, डॉ सुभाष वर्मा, डॉ राजीव रत्न, डॉ संजीव कुमार, डॉ युगल जोशी, डॉ गीता पंत, डॉ मंजू अग्रवाल, डॉ गोकुल सतियाल, डॉ एम एन जोशी, जी एस भंडारी, नवीन जोशी, इंद्र कुमार, जीवन रावत, जनार्दन जोशी सहित प्राचार्य प्रशिक्षक मजूद रहे।




# जल्द सुलझेगा बाजपुर का भूमि विवादः भट्ट

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। केन्द्रीय पर्यटन एवं रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने कहा कि बाजपुर के 20 गांवों के भूमि विवाद को सुलझाने के लिए सरकार तथा प्रशासन आपसी समन्वय से सकारात्मक दिशा में लगातार आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जनहित में मामले को अधिकांशतः सुलझा लिया गया है और प्रशासन द्वारा सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ शासन को भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि मृतक व्यक्तियों के जीवित वारिसान के नाम दर्ज कराने के लिए प्रशासन द्वारा आदेश जारी किये गये हैं। उन्होंने कहा कि जब सरकार तथा प्रशासन जनहित में लगातार सकारात्मक सोच के साथ बागे बढ़ रहें हैं तो ऐंसी दशा में धरना प्रदर्शन का कोई भी औचित्य शेष नहीं है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि सरकार तथा प्रशासन का मनोबल बढ़ाने के लिए जनता को स्वतः ही धरना प्रदर्शन समाप्त कर देना चाहिए ताकि जनहित की सोच रखने वाले, जनता के हितों के लिए तत्परता से कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं तंत्र का मनोबल ऊंचा रहे। उन्होंने जनता से तत्काल धरना प्रदर्शन समाप्त करने का आह्वान करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के झांसे में न आये और शीघ्र ही सुःखद परिणाम प्राप्त होंगे।






# बेहड़ ने स्वतंत्रता सेनानी द्वार और अम्बेडकर द्वार का किया उद्घाटन

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने बुधवार को अपनी विधानसभा किच्छा के अंतर्गत विधायक निधि से निर्मित कराये गए तीन गाँवों के प्रमुख प्रवेश द्वारों का उद्घाटन किया। इसी क्रम में विधायक बेहड़ गाँव गंगापुर, इन्दरपुर तथा नारायणपुर कोठा पहुंचे जहाँ उन्होंने अपनी विधायक निधि से क्रमशः 3.97 लाख, 4 लाख, 4.11 लाख की लागत से तैयार दवार जिनमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की याद में निर्मित कराए गए गंगापुर और इन्दरपुर में दो स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों दवारों तथा ग्राम नारायणपुर कोठा में बाबा भीमराव अम्बेडकर दवार का उद्घाटन समस्त ग्रामवासियों के साथ फीता काटकर किया। इस मौके पर सभी ग्रामवासियों ने अपने-अपने गाँव में उनका फूल मलाओं से स्वागत किया व आभार जताया। उद्घाटन के पश्चात विधायक ने तीनों गांवों में गांववासियों से मुलाकात की व उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान गाँव गंगापुर निवासियों ने विधायक बेहड़ से गंगापुर से डी०पी०एस० स्कूल तक सड़क निर्माण कराये जाने, गाँव इन्दरपुर वासियों ने गाँव में छठ घाट का निर्माण कराने की मांग रखी तथा नारायणपुर कोठा निवासियों ने गाँव में मुख्य सड़क निर्माण कराने,गांव में शमशान भूमि का सौन्द्रियकरण कराने तथा छठ पूजा स्थल का सौंदर्यीकरण कराने की मांग की इन सभी मांगो के पूरा करने का विधायक बेहड़ ने आश्वासन दिया तथा साथ ही गांववासियों ने अपने गांवों की बिजली राशन कार्ड, जैसे तमाम समस्याओं से भी अवगत कराया बेहड़ ने मौके पर ही इन समस्याओं निस्तारण किया तथा सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण हेतु आदेशित किया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों द्वार के उद्घाटन में विधायक बेहड़ ने कहा कि हमको हमेशा गर्व होना चाहिए की हमारे क्षेत्र से बहुत से परिवारों से स्वंत्रता संग्राम सेनानी रहे है और जिन्होंने देश को आजादी दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है उनको सैदेव अपने स्मरण में रखना हमारा दायित्व बनता है। इन्ही परिवारों की याद में ये स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी दवार बनाये गये हैं। ग्राम नारायणपुर कोठा में विधायक बेहड़ ने कहा कि बाबा साहब हमारे मार्गदर्शक है उनके बनाये गए संविधान पर ही हमारे देश की बुनियाद मजबूत हुयी है उन्होंने सैदेव ही समाज के शोषित, पिछड़े तथा दबे हुए नागरिकों को उनके हक दिलाने की लड़ाई लड़ी है। बेहड़ ने कहा कि उनकी स्वयं की इच्छा है की बाबा भीमराव अम्बेडकर जी के नाम पर और भी कोई निर्माण कराए जाए तथा उन्होंने किच्छा में डिग्री कालेज का नाम भी बाबा भीमराव अम्बेडकर जी के नाम पर किये जाने के लिए शासन को कई बार आग्रह किया है। इस मौके पर कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, अरुण शुक्ला, राजेश प्रताप सिंह, अशोक युध, संतोष ठाकुर रामकुमार सिंह, शिवाजी सिंह, प्रेम आर्या सर्वजीत सिंह, अरविन्द कुमार सिंह, सियाजी सिंह, श्रवण कुमार सिंहलन्द किशोर, गुलशन सिन्धी, निशांत शाही, डॉ काशीनाथ सिंह, चन्द्रदेव सिंह दिनेश सिंह, अजीत सिंह अनिंदर सिंह, आशीष सिंह, नारायण गुड्डू,जीतेन्दर सिंह भूपेन्द्र सिंह, पवन सिंह, प्रताप सिंह,समेत तमाम गांवासी उपस्थित रहे।





उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## मणिपुर में हिंसक हमले

मणिपुर में करीब चार महीने पहले जिस हिंसा की शुरुआत हुई थी, वह अब भी जारी है तो इसे किसकी नाकामी के तौर पर देखा जाएगा? सरकार की जिम्मेदारी हालात पर जल्द से जल्द काबू पाने की होनी चाहिए थी, लेकिन फिलहाल वहां दशा यह है कि हिंसा की तस्वीर लगातार बिगड़ती जा रही है। संबंधित महकमे और सुरक्षा बलों की मौजूदगी अराजकता फैलाने वाले समूहों को किस हद तक रोक पा रही है, इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि हिंसक घटनाएं अब नई और जटिल शक्ल अख्तियार करने लगी हैं।मई में हिंसा की शुरुआत के बाद आदिवासियों ने इंफल घाटी में आने से परहेज करना शुरू कर दिया था, लेकिन किसी वजह से मंगलवार की सुबह तीन लोग इंफल पश्चिम और कांगपोपकी के सीमावर्ती इलाकों में स्थित इरेंग और करम के पास पहाड़ी सड़क का इस्तेमाल करते हुए लेमकांग की ओर बढ़ रहे थे, तभी हथियारबंद आतंकवादियों ने गोली मार कर उनकी हत्या कर दी। मारे गए तीनों लोग कुकी-जोमी समुदाय के थे। गौरतलब है कि आठ सितंबर को भी एक हमले में तीन कुकी लोगों की हत्या कर दी गई थी। यानी एक बार फिर हिंसा की फैलती आग में कुकी-जोमी समुदाय के लोगों के खिलाफ हिंसा का नया दौर शुरू हो गया है। मणिपुर में सेना के उतरने के बाद हालात थोड़े नियंत्रण में देखे गए थे। लेकिन ऐसा लगता है कि थोड़ी शांति शायद तभी दिखती है, जब सेना सक्रिय होती है। ताजा हिंसा के वक्त भी जब गोलियों की आवाज सुन कर सुरक्षा बल और सेना के जवान आसपास के इलाकों से घटनास्थल तक पहुंचे, तब तक आतंकवादी फरार हो चुके थे। हालांकि वहां सुरक्षा बलों और पुलिस महकमे की ओर से आम नागरिकों को बचाने का प्रयास किए जाने की खबरें आती रही हैं, लेकिन हकीकत यह है कि अब भी वहां स्थिति बेहद संवेदनशील है और हिंसा के नए आयाम दिख रहे हैं। मई की शुरुआत में मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा देने के सवाल पर शुरू हुई हिंसा अब तक राज्य में प्रभावी हैसियत में माने जाने वाले मैतेई और उनके बरक्स कुकी जनजाति के बीच ही रही है। लेकिन मंगलवार को तीन लोगों की हत्या से संबंधित खबर में चिंता की बात यह है कि इसमें उस इलाके में सक्रिय आतंकवादी समूह भी कुकी समुदाय पर हमला कर रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियां पहले भी चेतावनी दे चुकी हैं कि यूएनएलएफ, पीएलए, केवाईकेएल और पीआरईपीए जैसे प्रतिबंधित समूहों से जुड़े आतंकवादी भी हिंसा और हमला करने वाली भीड़ का हिस्सा बन रहे हैं। सवाल है कि इतने लंबे वक्त से जारी हिंसा को जहां कोई भी रास्ता अख्तियार करके रोकना चाहिए था, संवाद के जरिए समाधान का तरीका तलाशना चाहिए था, वहां शांति स्थापित करने के तमाम दावों और कवायदों के बावजूद हालात बिगड़ते क्यों जा रहे हैं? दो पक्षों के बीच तनाव में जिस तरह आतंकवादी समूहों को भी सक्रिय होते देखा जा रहा है, उससे सरकार की कमजोरी का ही पता चलता है। ऐसे में जो समुदाय कमजोर है, उस पर हमले तेज हो रहे हैं। यह सब तब भी जारी है, जब राज्य में शांति स्थापित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक की ओर से दखल दिया गया, शांति और निगरानी समिति बनाई गई। इसके अलावा, वहां पुलिस के समांतर सुरक्षा बल और सेना के जवान भी तैनात हैं। मणिपुर की हिंसा में अब आतंकवादियों का शामिल होना समस्या को ज्यादा जटिल शक्ल दे रहा है। इन बिगड़ते हालात की जिम्मेदारी आखिर किसकी है?

# सारागढ़ी के 21 शहीद सिख सैनिकों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

गदरपुर(उद संवाददाता)। विश्व की पांच असंतुलित जंगों में एक साका सारागढ़ी के 21 सिख सैनिक शहीदों को नमन करते हुए ग्राम नारायणपुर के गुरुद्वारा सिंह सभा में एक यादगारी समारोह का आयोजन करते हुए शहीदों के जीवन पर प्रकाश डाला गया । सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व ग्राम प्रधान अवतार सिंह एवं संचालन ग्रंथी प्रेम सिंह द्वारा किया गया । इस दौरान पहुंचे शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी धर्म प्रचार कमेटी श्री अमृतसर के उत्तराखंड सिख मिशन के प्रचारक भाई हरजिंदर सिंह द्वारा सिंघ सभा लहर के दौरान धर्म विरोधी शक्तियों से मुकाबला करके सिख धर्म के सिद्धांतों की रक्षा करने की वार्ता का व्याख्यान किया, सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के इंचार्ज देवेंद्र सिंघ द्वारा सारागढ़ी युद्ध में 21 सिख सैनिक शहीदों की शहादत पर प्रकाश डाला । इस दौरान कार्यक्रम में शामिल बच्चों को उनके शिक्षा और कौशल पर आधारित परीक्षा के आधार पर पुरस्कृत किया गया । इस मौके पर प्रीत कौर,काजल, कमलजीत कौर,प्रीतो कौर,सिमरन कौर,हरजोत कौर, सहज कौर,सरगुन,मनदीप कौर, हरनीत कौर, परविंदर कौर गुरबाणी,लवजीत कौर, राजवंत कौर,सीमा कौर,गुरताज सिंह, हरजिंदर सिंह,गुरुसेवक सिंह,लवजीत सिंह,मनजोत सिंह, संतोष सिंह सहित तमाम संगत मौजूद रही । सारागढ़ी में 21 सिखों ने अफगान योद्धाओं से लिया लोहा: इस युद्ध को इतिहास में सिख सैनिकों की वीरता और महान अंत के लिए जाना जाता हैं। सारागढ़ी के युद्ध का नाम विश्ध्व के 5 महान युद्धों में गिना जाता है। यह युद्ध 12 सितम्बर 1897 को ब्रिटिश भारतीय सेना (जो सिख थे) और अफगानी ओराक्जई जनजातियों के बीच तीरह (अब पाकिस्तान) में लड़ा गया था। इस युद्ध में 10,000 अफगानों योद्धाओं का सामना सिर्फ 21 सिख सैनिकों ने किया था। इस असमान्ध्य युद्ध का नेतृत्व ब्रिटिश भारतीय सेना के हवलदार ईशर सिंह ने किया था। 7 घंटे में करीब 600 अफगान मारे गए । इस





युद्ध में 20 सिख सैनिकों ने जहां सीधे तौर पर अफगानों से इस लड़ाई में भाग लिया। वहीं 1 सिख गुरमुख सिंह युद्ध की सारी जानकारी कर्नल हौथटन को तार के माध्यम से भेज रहे थे, जब सभी 20 सिख सैनिक शहीद हो गए तो अंतिम रक्षक गुरमुख सिंह ने अपनी राइफल के साथ वहां पोजीशन ली, जहां पर जवानों के सोने के लिए कमरे थे। इतिहासकार अमरिंदर सिंह ने अपनी किताब में लिखा है कि गुरमुख ने अकेले गोली चलाते हुए कम से कम बीस पठानों को मारा। जिससे गुस्ध्साए पठानों ने लड़ाई खघ्त्म करने के लिए पूरे किले में आग लगा दी। इस युद्ध में मारे गए अफगानों की संख्या को लेकर इतिहासकारों के अलग-अलग दावे हैं। हालांकि माना जाता है कि गैरबराबरी की ये लड़ाई करीब 7 घंटे तक चली, जिसमें सिखों की तरफ से 21 सिख और एक असैनिक दाद समेत 22 लोग और पठानों की तरफ से 300 से 600 लोग मारे गए। इस युद्ध के दो दिन के बाद ही अतिरिक्त सेना ने सारागढ़ी पर वापस भारतीय ब्रिटिश सेना का कब्जा दिला दिया। सभी को सर्वोच्च वीरता पुरस्कार से नवाजा गया । इस युद्ध मे अपनी वीरता और बहादुरी साबित करने वाले सभी 21 सिखों को मरणोपरांत ब्रिटिश साम्राज्य की तरफ से बहादुरी का सर्वोच्च पुरस्कार इंडियन ऑर्डर ऑफ मेरिट दिया गया, जो उस समय तक भारतीयों को मिलने वाला सबसे बड़ा वीरता पदक था, यह तब के विक्टोरिया क्रॉस और आज के परमवीर चक्र के बराबर था। तब तक विक्टोरिया क्रास सिर्फ अंग्रेज सैनिकों को ही मिल सकता था, वह भी जीवित रहने पर। भारत में इस दिन सिख रेजीमेंट इसे "रेजीमेंटल बैटल ऑनर्स डे" घोषित किया गया हैं। **सारागढ़ी के शहीद सैनिक के नाम :** सारागढ़ी के इन 21 वीर सैनिकों में ज्ध्यादातर सैनिक नहीं थे, साथ ही उनमें कुछ रसोईये और कुछ सिग्नलमैन भी थे। जिनमें हवलदार ईशर सिंह,गुरमुख सिंह, चंदा सिंह, लाल सिंह, जीवन सिंह, बूटा सिंह, जीवन सिंह, नन्द सिंह, राम सिंह, भगवान सिंह, भोला सिंह, दया सिंह, नारायण सिंह, साहिब सिंह,हीरा सिंह, सुन्दर सिंह, उत्तर सिंह, करमुख सिंह, गुरमुख सिंह,भगवान सिंह, राम सिंह शामिल थे ।

## होमगार्ड भर्ती के लिए महिला अभ्यर्थियों ने लगाई दौड़

बागेश्वर। बागेश्वर पुलिस लाइन में मंगलवार को होमगार्ड भर्ती के लिए महिला अभ्यर्थियों की शारीरिक परीक्षा हुई। पहले दिन 250 अभ्यर्थी शारीरिक परीक्षा में शामिल हुईं। बताया गया कि होमगार्ड भर्ती के लिए 2430 अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल होंगी। सीओ शिवराज सिंह राणा की देखरेख में पुलिस लाइन में हुई शारीरिक परीक्षा के तहत अभ्यर्थियों ने दौड़ में हिस्सा लिया। अभ्यर्थियों की लंबाई नापने के साथ ही अन्य शारीरिक परीक्षाएं कराई गईं। शारीरिक परीक्षा 22 सितंबर तक चलेगी।

## यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सचिवालय में देहरादून में यातायात के दबाव को कम करने को लेकर यूनिफाइड मेट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी (यूएमटीए) की बैठक ली। उन्होंने कहा कि देहरादून की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। मुख्य सचिव ने कहा कि हमें आम लोगों के लिए ऐसी यातायात व्यवस्था करनी होगी कि उन्हें शहर के एक बिंदु से दूसरे बिंदु तक जाने में मात्र 200 से 300 मीटर से अधिक पैदल न चलना पड़े और वाहन बदलने पर 5 से 7 मिनट से अधिक का इंतजार न करना पड़े।



उन्होंने प्रवर्तन को सख्ती से लागू करने पर जोर देते हुए कहा कि पार्किंग सुविधा बढ़ाई जाए और नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के अधिक से अधिक चालान किए जाने से यातायात को नियंत्रित भी किया जा सकता है। मुख्य सचिव ने कहा कि अंडर पास, फुट ओवर ब्रिज, एलिवेटेड रोड, रोप-वे और पीआरटी जैसी सेवाओं को कहां-कहां शुरू किया जा सकता है, इस पर योजना तैयार की जाए। बाईपास सड़कों के निर्माण से भी काफी हद तक यातायात दबाव कम किया जा सकता है।

## पेपर लीक कांड में हाकम सिंह समेत 23 आरोपियों के विरुद्ध चार्जशीट की दाखिल

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में चर्चित पेपर लीक प्रकरण में मुख्य आरोपी हाकम सिंह रावत समेत 23 के विरुद्ध गैंगस्टर के मुकदमे में एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है। स्पेशल गैंगस्टर कोर्ट ने चार्जशीट का संज्ञान लेने के साथ ही मामले में 15 सितंबर को सुनवाई की तारीख निर्धारित की है। रायपुर थाने में बीते वर्ष जुलाई माह में यूकेएसएसएससी की स्नातक स्तरीय परीक्षा का पेपर लीक कराने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच एसटीएफ को सौंपी गई। एसटीएफ ने इन सभी मुकदमों में एक के बाद एक 60 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया था। नकल माफिया हाकम सिंह, परीक्षा आयोजित कराने वाली कंपनी के मालिक और उत्तर प्रदेश के नकल माफिया सैयद सादिक मूसा को मुख्य आरोपी बनाया गया। मामले में एसटीएफ ने हाकम सिंह समेत कुल 23 आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर का मुकदमा भी रायपुर थाने में दर्ज किया था। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि मामले की विवेचना पूरी हो गई है, जिस पर बुधवार को स्पेशल गैंगस्टर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है। आरोपियों के विरुद्ध हुई चार्जशीट में हाकम सिंह रावत, सैयद सादिक मूसा, योगेश्वर राव, शशिकांत, बलवंत रौतेला, केंद्रपाल सिंह, जयजीत दास, अभिषेक वर्मा, मनोज जोशी, कुलवीर सिंह, दिनेश चंद, गौरव नेगी, विपिन बिहारी, संजीव कुमार चौहान (आरएमएस कंपनी का मालिक), दीपक शर्मा, महेंद्र सिंह चौहान, हिमांशु कांडपाल, तनुज शर्मा, अंकित रमोला, ललित राज, चंदन सिंह मनराल, जगदीश गोस्वामी शामिल है।

## उत्तराखंड वन दरोगा भर्ती परिणाम जारी

देहरादून। दिसंबर 2019 से जो युवा वन दारोगा बनने का ख्वाब देख रहे थे, उनकी मुराद अब जाकर उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने पूरी कर दी है। आयोग ने कुल 316 पदों में से 292 पर अंतिम परिणाम घोषित करने के साथ ही मेरिट लिस्ट भी जारी कर दी है। अन्य पिछड़ा आयोग के 18 अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों में कमियां पाए जाने पर इनके परिणाम रोक दिए गए हैं। प्रमाण पत्रों का सत्यापन होने के बाद ही इन पर निर्णय किया जाएगा। मेरिट लिस्ट में 185 पुरुष और 107 महिला अभ्यर्थी शामिल हैं। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के सचिव सुरेंद्र सिंह रावत की ओर से जारी मेरिट लिस्ट में स्पष्ट किया गया है कि यह सूची निधि जोशी व अन्य बनाम उत्तराखंड राज्य तथा विशेष अपील में नैनीताल हाईकोर्ट के निर्णय के अधीन रहेंगी। क्योंकि, कोर्ट में विचाराधीन वाद के मुताबिक वन दरोगा के 211 पद पदोन्नति से भरे जाने हैं। कोर्ट का यह आदेश भर्ती प्रक्रिया पूरी होने से ठीक पहले आया था। यदि ऐसा होता है तो सीधी भर्ती के महज 105 पद ही शेष रह जाएंगे। इसके अलावा भी यह भर्ती (वर्ष 2021 की) परीक्षा में हुई नकल के चलते दिसंबर 2022 में निरस्त की जा चुकी है। 11 जून 2023 को 316 पदों पर दोबारा परीक्षा कराई गई। हालांकि, इसके परिणाम भी पदोन्नति संबंधी आदेश के चलते लंबे समय तक अटके रहे। अब भले ही आयोग ने मेरिट लिस्ट जारी कर दी है, लेकिन इसे कोर्ट के आदेश के अधीन ही रखा गया है। दयाधर भट्ट ने किया टाप वन दरोगा भर्ती परीक्षा की मेरिट लिस्ट पर दयाधर भट्ट ने पहला स्थान पाया है। उन्हें सर्वाधिक 85 अंक मिले हैं। वहीं, मेरिट लिस्ट के टाप टेन में सात महिला अभ्यर्थियों और तीन पुरुष अभ्यर्थियों ने जगह बनाई।

## निराश्रित पशुओं के लिये जनपद के छह विकासखंडों में बनेगी गोशाला

### सड़कों पर गोवंशीय पशुओं की संख्या 6,000 पहुंची

रुद्रपुर। रुद्रपुर, जसपुर, काशीपुर, बाजपुर, गदरपुर, सितारगंज ब्लॉक में गोशाला बनेंगी। ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत और शहरी क्षेत्रों में नगर निकायों की ओर से इनका निर्माण कार्य किया जाएगा। इसके लिए डीपीआर बनाने का कार्य शुरू हो गया है। वर्ष 2019 की पशुगणना के अनुसार जिले में 3,475 निराश्रित गोवंशीय पशु सड़कों या जंगलों में घूम रहे थे। पशुपालन विभाग के मुताबिक अब गोवंशीय पशुओं की संख्या करीब 6,000 हो चुकी है। हाईवे या सड़कों पर निराश्रित घूम रहे पशुओं से सड़क हादसे होने के साथ ही उनकी भी मौत हो रही है। हाईकोर्ट के सख्त निर्देश पर शासन ने सभी जिलों में गोशालाएं खोलने के आदेश दिए हैं। इसलिए डीएम ने सभी एसडीएम को गोशालाओं के लिए भूमि चिह्नित करने के निर्देश दिए थे भूमि चिह्नित करने के बाद अब गांव में जिला पंचायत या शहर में नगर निगम या पालिकाओं की ओर से गोशालाएं बनाने के लिए डीपीआर बनाई जा रही है। सीवीओ डॉ. एसबी पांडेय ने बताया कि गोशाला का संचालन एनजीओ के माध्यम से किया जाएगा। सरकार एनजीओ को प्रति गोवंशीय पशु की दर से 80 रुपये दे रही है। गोशाला संचालन के लिए एनजीओ के आवेदन भी आने लगे हैं।

## युवक की हत्या के मामले में ढाबा मालिक समेत दो गिरफ्तार

केलाखेड़ा। हाईवे स्थित फौजी ढाबे पर सोमवार रात चोरी के आरोप में दो युवकों को पीट कर एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ क्रॉस एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने एक पक्ष के दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका गैर इरादतन हत्या में चालान किया है।अफजलगढ़ बिजनौर निवासी मृतक अनीस के साले सलीम ने थाने में तहरीर दी। बताया कि अनीस अपने साथी जसपुर निवासी रिजवान, यूपी के गांव बेनीपुर कोपा बिजनौर निवासी दानिश और मुनेश के साथ दो बाइक से केलाखेड़ा गए थे। इस दौरान हाइवे स्थित फौजी ढाबे के पास रुके थे। फौजी ढाबे के कर्मचारी उनसे पूछताछ करने लगे। इस दौरान हुई मारपीट में अनीस और रिजवान घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी भेजा गया। वहां इलाज के दौरान अनीस की मौत हो गई। तहरीर पर पुलिस ने ढाबा मालिक, धीरज उर्फ केडी, भूरा के खिलाफ केस दर्ज किया गया। वहीं ढाबा मालिक हरप्रीत सिंह की तहरीर पर मृतक अनीस, मुनेश, दानिश, रिजवान के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी ललित मोहन रावल ने बताया कि बुधवार को पुलिस टीम ने बाजपुर निवासी धीरज उर्फ केडी और गांव बांसखेड़ा निवासी मनीष उर्फ भूरा को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें बृहस्पतिवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## पत्नी की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे कैदी की मौत

सितारगंज। पत्नी की हत्या के मामले में केंद्रीय कारागार में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी सुशील विश्वास की मौत हो गई। वह दमा से पीड़ित था। एंबुलेंस से हल्द्वानी ले जाते समय उसने रास्ते में उसने दम तोड़ा।जेलर सत्यपाल सिंह ने बताया कि शक्तिफार्म के 12 फैमिली बैकुंठपुर गांव निवासी कैदी सुशील विश्वास उर्फ सुशील शील (53) पुत्र जयंत शील बीमारी के कारण वह कमजोर हो गया था। मंगलवार को हालत बिगड़ने पर इलाज के लिए उसे एसटीएच हल्द्वानी भेजा गया था। सुशील विश्वास ने साल 2005 में अपनी पत्नी की हत्या कर दी थी। वर्ष 2006 में उसे नैनीताल के जिला एवं सत्र न्यायालय से आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। इसके बाद उसे हल्द्वानी उप कारागार से केंद्रीय कारागार में भेजा गया। जेलर सत्यपाल सिंह ने बताया कि 17 अप्रैल 2017 को सुशील केंद्रीय कारागार से फरार हो गया था। करीब चार साल तक जेल प्रशासन और पुलिस उसकी तलाश में जुटी रही। 30 अगस्त 2021 को सुशील कोलकाता से पकड़ा गया। इसके बाद वह हल्द्वानी जेल में बंद रहा। जेल से भागने पर नैनीताल जिला एवं सत्र न्यायालय में आईपीसी की धारा 224 के तहत सुनवाई हुई। जून 2023 को उसे दो साल की अतिरिक्त सजा सुनाई गई। इसके बाद उसे केंद्रीय कारागार भेजा गया था।

# प्रतिभावान खिलाड़ियों को मिले खिलाड़ी प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना का लाभ: डीएम

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। 14 वर्ष से 23 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए बनायी गयी मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के जनपद में सफल क्रियान्वयन को लेकर जिलाधिकारी रीना जोशी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की तथा सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।उन्होंने क्रीड़ा अधिकारी को निर्देश दिये कि इस बच्चे अपने स्तर से ठहरने की व्यवस्था नहीं कर पाएंगे उनके लिए ठहरने हेतु विद्यालय भवनों का चयन कर लिया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना एक अच्छी योजना है! इसको सफल बनाने के लिए पूरे प्रयास किये जायें।प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रताप सिंह ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत जनपद में कुल 200 खिलाडियों खिलाड़ियों के चयन के लिए विकासखंड एवं नगर स्तर पर खेल स्किल टेस्ट का आयोजन किया जायेगा। जिसमें कुल 1920 खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा। ये चयनित 1920 खिलाड़ी जिला स्तर पर आयोजित खेल स्किल टेस्ट में प्रतिभाग करेंगे तथा इनमें से ही 100 बालक एवं 100 बालिका खिलाड़ियों का चयन योजना के लिये किया जायेगा। योजना के अंतर्गत एथलेटिक्स, बॉक्सिंग , जूडो , कराटे , बैडमिंटन, ताइक्वांडो, वॉलीबॉल , फुटबॉल , बास्केटबॉल , हॉकी , टेबल- टेनिस एवं कबड्डी के खिलाड़ियों का चयन कर लाभान्वित किया जायेगा। इस योजना




योजना से लाभान्वित किये जाने हेतु जनपद के प्रतिभावान खिलाड़ियों के चयन को लेकर खेल स्किल टेस्ट आयोजन तिथि के निर्धारण एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर खण्ड शिक्षा एवं खंड विकास अधिकारियों के साथ विकासखंड स्तर पर बैठक आयोजित की जाय। जबकि नगर निकाय स्तर पर संबंधित नगर निकायों के अधिकारियों के साथ बैठक की जाय। खेल स्किल टेस्ट में प्रतिभाग करने वाले जो जिनमें 100 बालक एवं 100 बालिकाओं का चयन किया जाएगा। आयु वर्ग के हिसाब से 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग के 25 बालक व 25 बालिका खिलाड़ियों, 17 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 25 बालक व 25 बालिका खिलाड़ियो, 19 से 21 वर्ष आयु वर्ग के 25 बालक व 25 बालिका खिलाड़ियों एवं 21 से 23 वर्ष आयु वर्ग के 25 बालक व 25 बालिका खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा। प्रतिभावान के अंतर्गत चयनित प्रति खिलाड़ी को प्रतिमाह रुपए 2 हजार की छात्रवृत्ति तथा खेल उपकरण क्रय हेतु एकमुश्त में रुपए 10 हजार की धनराशि प्रति खिलाड़ी प्रतिवर्ष प्रदान की जायेगी। बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार जुकरिया, ईओ नगर पालिका राजदेव जायसी सहित खण्ड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# जिला योजना अथवा अन्य योजना के सभी कार्यों में टेंडर पेंडिंग न रहें : तोमर

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी विनीत तोमर ने कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री घोषणाओं, विभागों की जिला योजना, राज्य योजना तथा बाह्य सहायतित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री घोषणाओं के जितने भी कार्य किए जा रहे हैं, उनमें अपेक्षित प्रगति कार्यों में टेंडर आदि की सभी प्रक्रियाएं पेंडिंग न रहें। उन्होंने निर्देश दिए कि विभागों द्वारा जो कार्य किए जा चुके हैं, उनके भुगतान संबंधी प्रक्रिया भी जल्द से जल्द पूर्ण कर ली जाए जिससे वित्तीय प्रगति में भी अपेक्षित प्रगति लाई जा सके। उन्होंने कार्यों में गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही उन्होंने अधि प्रकरण हो तो उन सभी प्रकरणों का निस्तारण संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए किया जाए।उन्होंने बैठक में निर्देश दिए कि जो कार्य नए सिरे से किए जाने हैं उनमें टेंडर आदि की प्रक्रिया भी आगामी 15 दिनों के भीतर पूर्ण कर ली जाए। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रेनू भंडारी ने बताया कि जिला योजना के तहत लाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि किसी मुख्यमंत्री घोषणा में कार्य किया जाना संभव न हो तो संबंधित जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाते हुए उसमें



परिवर्तन, स्थान परिवर्तन तथा यदि कार्य की संभावना न हो तो उसे विलोपित करने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि जितने भी कार्य विभागों द्वारा किए जा रहे हैं, उनमें अपेक्षित प्रगति लाई जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा जिला योजना अथवा अन्य योजना के अंतर्गत जितने भी कार्य वर्तमान वित्तीय वर्ष में किए जाने हैं, उन सभी कारियों को कड़े निर्देश दिए कि कार्यों में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी, लापरवाही बरतने पर संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके द्वारा किए गए कार्यों की सही एवं अद्यतन रिपोर्टिंग भी अर्थ एवं संख्या कार्यालय में अनिवार्य रूप से की जाए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि विभागीय कार्यों में यदि कोई विवाद या अन्य कोई विभागों को अवमुक्त धनराशि का 52 प्रतिशत बजट खर्च किया जा चुका है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे, प्रभागीय वनाधिकारी ध्रुव सिंह मर्तोलिया,परियोजना निदेशक डीआरडीए पुष्पेंद्र सिंह, , जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रेनू भंडारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी आराधना त्रिपाठी समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# भारत माता के माथे की बिंदी है हिंदी: शैलेंद्र मिश्रा

## मातृभाषा को लेकर क्षेत्र में आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

काशीपुर(उद संवाददाता)। जनजीवन उत्थान समिति के तत्वाधान में समिति के कार्यालय सत्येंद्र चंद्र गुड़िया



मार्ग श्री जगदीश प्रेरणा भवन में हिंदी दिवस पर ,भविष्योन्मुखी हो हिंदी, जिस पर विचार गोष्ठी की गई। गोष्ठी में बोलते हुए समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा की भाषा ही संस्कार और संस्कृति का संवहन और व्यक्ति की सामाजिक एवं सांस्कृतिक पहचान के साथ-साथ उसकी सामाजिक संवेदना व्यक्त करती है । भारत में सर्वाधिक हिंदी भाषी जनसंख्या है ।1918 में महात्मा गांधी जी ने हिंदी साहित्य सम्मेलन में हिंदी भाषा को राजभाषा बनाने का प्रस्ताव रखा था ।14 सितंबर 1949 को संविधान सभा में केंद्र सरकार की आधिकारिक भाषा हिंदी बनाई गई ।1953 से पूरे भारत में 14 सितंबर को प्रतिवर्ष हिंदी दिवस के रूप में मनाते हैं। परंतु अफसोस है कि अभी तक हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं दिया गया ।हिंदी विश्व एकता का मार्ग प्रशस्त करती है ।रविंद्र नाथ टैगोर ने कहा था कि भारतीय भाषाएं समुद्र है और हिंदी भाषा महासमुद्र है, हिंदी का विकास इस समय देश व विश्व के लिए आवश्यक है हमें आज संकल्प लेना होगा कि हम हिंदी भाषा का अधिक से अधिक प्रयोग करें ।यहां तक की विश्व में सम्मानित रविंद्र नाथ टैगोर जैसे बांगला भाषी ने भी विश्व भारती में हिंदी भवन की स्थापना की और हजारी प्रसाद द्विवेदी को हिंदी शिक्षक नियुक्त किया था। हिंदी का महत्व हमारे संविधान निर्माताओं ने भी स्वीकार किया था और संविधान सभा में 14 सितंबर 1949 को हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में अंगीकृत किया था ।इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति गौतम चौधरी, न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी, न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव सहित अन्य न्याय अधिकारी बड़ी संख्या में हिंदी में निर्णय दे रहे हैं। इस मौके पर भास्कर त्यागी एडवोकेट, सैयद आसिफ अली, देवांग मिश्रा एडवोकेट, सीमा शर्मा,कर्तव्य मिश्रा, ने भी अपने विचार रखें। गोष्ठी का संचालन भास्कर त्यागी एडवोकेट ने किया।गोष्ठी में नवजोत सिंह, रईस अहमद,अमृतपाल सिंह, सैयद इफरा, जहांगीर आलम,मुमताज सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# खस्ता हाल सड़कों को लेकर व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष योगेश शर्मा व महामंत्री मनोज जायसवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने खस्ताहाल सड़कों को लेकर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को ज्ञापन देकर विरोध दर्ज कराया।



उन्होंने कहा कि पूरे शहर में सड़कों का बुरा हाल है। बाजार क्षेत्र के बीच सड़क चलने लायक नहीं रह गई है। खराब सड़कों के कारण शहर में जाम की स्थिति भी बनी हुई है। जहां पर गड्ढे हैं वहां पर एक्सीडेंट की संभावना ज्यादा है। मगर लोग निर्माण विभाग उनकी मरम्मत तक नहीं कर रहा है। कुमाऊं का मुख्य द्वार होने की वजह से अधिकांश पर्यटक यहां से गुजरते हैं उनको भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नैनीताल रोड, बरेली रोड, रामपुर रोड, रेलवे बाजार, कारखाना बाजार, पटेल चौक,साहूकारा लाइन, नया बाजार, रामलीला मोहल्ला की सड़कों को अगर विभाग द्वारा सही नहीं कराया गया तो सड़कों के घटना स्थल पर ही धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में संदीप सक्सेना, गौरव गुप्ता, दीपा जायसवाल, उपेंद्र कुमार, पवन वर्मा, विपिन गुप्ता ,पवन सागर, संदीप गुप्ता, बृजेश तिवारी, विजय गुप्ता, सोनी शर्मा, आदर्श सक्सेना, अंकुर ओबराय,चिराग गुप्ता, रिंकू जायसवाल, विनोद जोशी आदि व्यापारी उपस्थित थे।

# पेज एक का शेष...

**नई नजूल नीति के तहत...**से अधिक तक लोगों तक पहुंचाने के लिए मेयर के निर्देश पर शहर में पहला कैम्प आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में लगाया गया। जिसका शुभारम्भ मेयर रामपाल सिंह और मुख्य नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में नगर निगम कर्मियों ने पात्र लोगों के फार्म भरे और लोगों को नई नजूल नीति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि हाल ही में सरकार ने नजूल नीति को संशोधित करते हुए नजूल भूमि पर काबिज आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों, जो प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत प्राविधानित मानकों के अधीन पात्रता की श्रेणी में आते हों और जिनका नजूल नीति, 2021 में उल्लेखित कट ऑफ डेट दिनांक: 09.11.2011 से पूर्व कब्जा हो, को 50 वर्गमीटर तक आवासीय भूमि को नि:शुल्क उपलब्ध कराने की सुविधा प्रदान की जा रही है। इस नीति का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए सभी वर्गों में शिविर आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि फ्रीहोल्ड की प्रक्रिया को पूरी ईमानदारी एवं पारदर्शिता से पूरा किया जायेगा। मेयर ने कहा कि लोग किसी भी जालसाज के बहकावे में न आयें, बल्कि जमीन को फ्री होल्ड कराने हेतु स्वयं जिम्मेवार लोगों से संपर्क करें। मेयर ने कहा कि नजूल नीति पर मालिकाना हक दिलाना उनकी प्राथमिकता थी। चुनाव के दौरान उन्होंने जनता से वायदा किया था और संकल्प लिया था कि जब तक नजूल नीति का सरलीकरण नहीं होता तब तक वह कुर्सी पर नहीं बैठेंगे। लम्बे समय से किये जा रहे प्रयासों के बाद आखिरकार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनता की पीड़ा को समझते हुए नजूल नीति का सरलीकरण किया है। जिसका लाभ रूद्रपुर शहर के हजारों लोगों को मिलेगा। मेयर ने कहा कि भाजपा सरकार जनता की सच्ची हितैषी है। नजूल नीति का सरलीकरण करके मुख्यमंत्री धामी ने शहरवासियों को सबसे बड़ी सौगात दी है। उन्होंने कहा कि नजूल भूमि फ्रीहोल्ड होने से अब लोगों को बैंक लोन मिलने में दिक्कतें नहीं आयेंगी। इस अवसर पर मुख्य नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल, एसडीएम मनीष बिष्ट, तहसीलदार पूजा शर्मा, सहायक नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी, मानचित्रकार शारिक अली, मनोज गहतोड़ी, विनय विश्वास गणेश राय ईश्वर मालिक अशोक राय परिमल सरकार सहित तमाम कॉलोनी वासी मौजूद रहे।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री IZRA BI के जन्म प्रमाण पत्र संख्या B-2022:5-90061-004996 में जन्मतिथि 01.03.2017 गलत अंकित हो गई है जो कि नगर निगम रूद्रपुर द्वारा निरस्त किया जा चुका है जबकि जे. एल. एन. जिला अस्पताल, रूद्रपुर से मेरी पुत्री IZRA B के जन्म प्रमाण पत्र सं0-B-2018: 5-90364-001130 में सही व वास्तविक जन्मतिथि 29.03.2018 है, जो कि सही व वास्तविक है।

रईस अहमद पुत्र श्री जुम्मा सलमानी निवासी म.नं.-16, वार्ड नं0-19, खेडा, रुद्रपुर,जिला-ऊधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)


**फर्जी एसओजी अधिकारी...**था। जिसने उसके भान्जे अलमारा पुत्र असलम खान निवासी अली नगर कोटा थाना बिलासपुर जिला रामपुर का धारा 29 एनडीपीएस के मामले में दिया था। जिसके बाद एक व्यक्ति जिसका नाम गुफरान जोकि अपने आप को रूद्रपुर एसओजी का विवेचक अधिकारी आसिफ हुसैन बता रहा था ने कहा कि अगर बचना चाहते हो तो उससे आकर मिलो वरना अलमास के साथ साथ घर की महिलाओं को जेल भेज दूंगा। उसकी धमकी से वह काफी डर गये। जिसके बाद गुफरान ने अपने साथी अलीम को उसके भान्जे के घर पर भेजा। अलीम के साथ वह भी आया था। जिसने गुफरान से मिलवाया। गुफरान 3 लाख की मांग करने लगा। उसने कहा कि मामले से अलमास का नाम निकाल देगा। उसने 2 लाख 20 हजार रूपये डरा धमकाकर ले लिए। बाद में पता लगा कि गुफरान जो अपने आप को एसओजी अधिकारी आसिफ हुसैन बता रहा था एक आम आदमी था उसके जाल में फंस गये। गुफरान व उसके साथी अलीम निवासी दरूऊ थाना किच्छा ने पुलिस की धमकी देकर 2 लाख 20 हजार रूपये हडप लिए है। जब उनके घर पर दो तीन बाद रूद्रपुर कोतवाली से पुलिस आयी तब पता लगा कि वह पुलिस वाले लोग नहीं थे। जब अलीम व गुफरान से अपने पैसे वापस मागे तो अलीम और गुफरान धमकी देने लगे। मामले में मुकदमा दर्ज कर एसएसआई कमाल हसन के नेतृत्व में विवेचक एसआई विकास कुमार ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से एसओजी अधिकारी बन कर ठगी की गई नगदी में से 49 हजार रुपए बरामद हुए।

**हिजामं ने फूंका...**भी की गई जिससे प्रदेश में लैंड जिहाद का संचालन करने वाले लोगों व अलगाववादी शक्तियों का गठ जोड़ स्पष्ट हुआ है और जिसको भ्रष्टाचार के कारण शासन व प्रशासन का समर्थन व सहयोग प्राप्त हो रहा है। सरकार का प्रदेश व्यापी आंदोलन पर लगातार मौन रहना सरकार निर्बलता को प्रदर्शित करता है।इस कारण हिंदू जागरण मंच उत्तराखंड यह घोषणा करता है कि यदि 19 सितंबर तक एमडी डीए सचिव मोहन सिंह बर्निया को निलंबित नहीं किया गया तो 20 सितंबर को मुख्यमंत्री का घेराव किया जाएगा। साथ ही अवैध धार्मिक स्थल सील होने तक यह आंदोलन चलेगा। पुतला फूंकने वालों में हरदेव सिंह योगेश, राधे, रोशन श्रीवास्तव, सूरज, राजेश सिंह, संजू, सोमपाल, मुकुल, राजेंद्र प्रसाद व सुरेंद्र कोली आदि शामिल थे।

**कोल्ल्ड ड्रिंक में नशीला...**मारपीट कर वहां से भगा दिया तथा निकाह करने से साफ मुकर गए। आरोपियों ने घटना को अंजाम देते हुए मुंह खोलने के एवज में जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है की घटना के तत्काल बाद आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही को लेकर वह संबंधित थाने गई लेकिन उसे वहां से बैरंग लौटा दिया गया। इसी तरह पीड़िता ने मामले की लिखित शिकायत एसएसपी को भेज कर न्याय की गुहार लगाई लेकिन पुलिस कप्तान ने भी मामले को अनसुना कर दिया अंत में कोर्ट ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करने के निर्देश दिए।

**शराब की दो दुकानों पर...**उन्होंने दुकान का शटर खोलकर अंदर देखा तो सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा था। उन्होंने बताया कि अज्ञात को दुकान की टीनों को तोड़कर दुकान के अंदर घुसे थे तथा दोनों दुकानों से करीब 60 हजार रुपए की नगदी तथा अंग्रेजी शराब की दुकान में रखी 20 हजार रुपए की महंगी शराब की बोतलें भी क्षतिग्रस्त कर गए। इसके अलावा चोरों द्वारा दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरो की डीबीआर के साथ भी छेड़छाड़ की गई है फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

**युवती को सरेआम ...**पुलिस ने कंट्रोल रूम में सीसीटीवी से जांच शुरू कर दी गई। हालांकि अभी आरोपियों ही पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस का दावा है कि पूरे शहर के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

# कूड़ा फेंकने से मना करने पर महिला को पीटा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मोहल्ला जगतपुरा में आज प्रात: घर के पास कूड़ा फेंकने से मना करने पर एक दबंग व्यक्ति ने महिला को बेरहमी से पीट दिया। मामले की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। जगतपुरा निवासी अनीता सरकार पत्नी मोनू ने कहा है कि उसके बराबर में ही मोबाईल की दुकान है। जिसका मालिक आये दिन उसके घर के आगे अपने घर व अपनी दुकान का कूड़ा फेंकता रहता है। जब वह इसका विरोध करती है, तो वह अभद्र व्यवहार करता है। आज प्रात: उसने घर के सामने पुन: कूड़ा फेंका। जब वह उससे मना करने गई तो वह उसके साथ छेड़-छाड़ व गली-गलौच करने लगा। जब उसने इसका विरोध किया तो उसने उसे मार-पीटना शुरू कर दिया। आस-पड़ोस के लोगों ने उसे बचाया।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# अपराध गोष्ठी में आईजी ने ली अधीनस्थों की क्लास

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस महानिरीक्षक कुमायूँ परिक्षेत्र डॉ. नीलेश आनन्द भरणें की अध्यक्षता में कुमायूँ परिक्षेत्र की अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर डॉ. मंजू नाथ टीसी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल पंकज भट्ट, पुलिस अधीक्षक चम्पावत देवेन्द्र पिंचा, पुलिस अधीक्षक बागेश्वर अक्षय प्रहलाद कोण्डे व पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ लोकेश्वर सिंह, सीओ रानीखेत तिलक राम वर्मा, परिक्षेत्रीय तथा समस्त राजपत्रित अधिकारी/ थाना प्रभारी ऑनलाईन के माध्यम से मौजूद रहे। गोष्ठी में आईजी ने कई बिदुओं पर अधिनस्थों को निर्देश दिए वहीं बेहतर कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों तथा कर्मियों को आईजी ने सम्मानित भी किया। गोष्ठी में वर्ष 2023 में कुमायूँ परिक्षेत्र में कानून शान्ति व्यवस्था, जनहित, जागरुकता, राहत बचाव, आदि क्षेत्रों अच्छा कार्य करने वाले कुल 109 पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को प्रसंशा पत्र तथा प्रतीक चिन्ह दिया गया। जिनमें तीन निरीक्षक, 34 उपनिरीक्षक, 2 अपर उनि, 12हेका.,39 का., 7 फायरमैन, 2एल आई यू-2 , 8अनुचर, 2 पुलिस दूरसंचार शामिल हैं। गोष्ठी में बताया गया कि कुमायूँ परिक्षेत्र के थानों का माह जुलाई का मूल्यांकन कर उनके कार्यों के आधार पर मैदानी क्षेत्र 25 थानों में से प्रथम पांच थाने लालकुऑ, हल्द्वानी, बनभूलपुरा, रामनगर तथा चोरगलिया रहे तथा अन्तिम पांच सितारगंज, गदरपुर, खटीमा, आईटीआई तथा रुद्रपुर रहे।पर्वतीय क्षेत्र के 49 थानों में रैकिंग के आधार पर प्रथम पांच रीठा, मुनस्यारी

## ऊधमसिंह नगर के पांच थाने रहे फिसड्डी

, कौसानी, पिथौरागढ, तल्लीताल तथा अन्तिम पांच बलुवाकोट, धौलछीना, बैजनाथ, देघाट तथा मल्लीताल रहे। प्रथम 5 थानों को प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं अन्तिम थानों को अपने कार्य क्षेत्र को बेहतर किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। आईजी भरणे ने समस्त अधिकारियों को संगीन अपराधों की रोकथाम हेतु कड़े कदम



उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अनावश्यक रूप से विवेचना लंबित ना रखी जाए।महिला अपराधों को गंभीरता से लेते हुए उस पर अंकुश लगाएं। जनजागृति के आधार पर महिलाओं को जागृत कराएं।महिलाओं से संबंधित मामलों में तुरन्त उच्च अधिकारी को सूचित करते हुए तत्काल एफआईआर पंजीकरण की जाए।उन्होंने डायल112 की समीक्षा कर डायल112 की गाड़ियों का सही से प्रयोग करने हेतु निर्देशित किया।आईजी ने कहा कि संपत्ति जब्तीकरण तथा एनडीपीएस एक्ट गुंडा एक्ट के अंतर्गत अधिक से अधिक कार्रवाई करे। एएनटीएफ को जैकेट दी जाए तथा डॉग स्क्वाड को उसके साथ भेजा जाए। नशा करने वालों को पकड़कर उनकी प्रोफाइल कर रजिस्टर में उनके नाम अंकित की जाएं। नशे पर हर हाल में अंकुश लगाया जाए। माल का निस्तारण पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। माल निस्तारण हेतु अभियान चलाकर निस्तारण किया जाए। सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक एवं फेक न्यूज गलत पोस्ट वीडियो करने वालों पर काउंसलिंग कराये ।यदि उसके बाद भी नहीं मानता है तो उन पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करें। बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन शत-प्रतिशत करवाएं जिसके पास सत्यापन कोई नहीं होगा इसके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। अग्रिम सत्यापन की कार्रवाई पर विशेष ध्यान दें।आईजी ने कहा कि गंभीर अपराधों के जैसे लूट हत्या, डकैती के वांटेड को जल्द से जल्द पकड़ा जाए। बीट व्यवस्था को मजबूत करने हेतु समस्त को स्थाई सिम कार्ड वितरण करने के निर्देश दिए।पब्लिक और ओरिएंटेड पुलिस इस पर अधिक ध्यान दे। यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने हेतु शॉर्ट टर्म स्थाई सॉल्यूशन पर ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया। सत्यापन की कार्यवाही हेतु सिंगल विंडो सिस्टम में हेड कांस्टेबल को प्रभारी बनाते हुए एक सेल का गठन किया जाए।साइबर अपराधोंपर रोकथाम हेतु पोर्टल पर प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्र का निस्तारण किया जाए।

## फैक्ट्री कर्मी पर हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल स्थित फैक्ट्री में कार्य के दौरान टूल बॉक्स को लेकर हुए विवाद में युवक ने साथी कर्मी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में सन्तोष गोंड पुत्र राजनाथ गोंड निवासी ग्राम महुआपार पोस्ट मेहनाजपुर जिला आजमगढ़ ने कहा है कि वह सनसेरा इंजीनियरिंग लिमिटेड के मेन्टेनेन्स विभाग में फिक्स्ड टर्म इम्पोइ के पद पर कार्यरत है। 8 सितंबर को वह रात्रि पाली में अपनी डयूटी आया और अपने विभाग में अपना कार्य करने लगा। उसके ही डिपार्टमेन्ट के कर्मचारी रोशन निन्नावे जो रात्रि पाली में ही अपनी डयूटी पर थे, ने टूल बाक्स को लेकर उससे गाली गलौच कर धक्का मारने लगा । इसी बीच उसने किसी धारदार हथियार से उसके गले पर वार कर दिया। जिस पर उसने भागकर अपनी जान बचायी। भविष्य में भी उसे जान का खतरा है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध केस दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

## 247 पव्वे शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता) ।थाना काठगोदाम पुलिस टीम ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री करने वालों पर कड़ा प्रहार करते हुए 6 पेटियों में 247 पव्वे अंग्रेजी व देशी मसालेदार शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार प्रमोद पाठक थानाध्यक्ष काठगोदाम द्वारा थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान गौलापार में एक रेस्टोरेंट के पास शराब बेचते एक व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता जीवन सिंह कनवाल पुत्र आनंद



सिंह कनवाल निवासी गोविन्द ग्राम गौलापार थाना काठगोदाम बताया। तलाशी लेने पर मौके से 6 गत्ते की पेटियों में कुल 247 पव्वे अंग्रेजी व देशी मसालेदार अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर जीवन सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार जीवन सिंह पूर्व में भी कई मामलों में जेल जा चुका है। पुलिस टीम में उनि मनोज कुमार प्रभारी चौकी खेड़ा थाना काठगोदाम, का. चन्दर सामन्त व सुरेन्द्र सिंह शामिल थे।

## हजारों की नगदी समेत पांच जुआरी पकड़े

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस ने गश्त के दौरान सार्वजनिक स्थान पर ताश पत्तों से जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को हजारों की नगदी सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार एसआई कवीन्द्र शर्मा साथी पुलिस कर्मियों एसआई धीरज टम्टा, का. राकेश खेतवाल व दिनेश के साथ क्षेत्र में गश्त करते हुए चामुण्डा मन्दिर वाली गली में पीलीकोठी पर पहुंचे तो मेन गेट के सामने कुछ व्यक्ति सड़क पर बैठे जुआ खेलते हुए दिखाई दिए। पुलिस को देखकर जब उन्होंने भागने की कोशिश की तो पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पांच जुआरियों को मौके पर पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता हरीपाल राठौर पुत्र होरीलाल निवासी ग्राम मवई जरैल थाना शीशगढ़ बरेली हाल निवासी पीलीकोठी के सामने वार्ड 8 चामुण्डा मन्दिर गली, कुलवन्त सिह पुत्र जीराज निवासी ग्राम ताजपुर बेहटा थाना सैफनी रामपुर हाल निवासी पीलीकोठी वार्ड 8, माधव सरकार पुत्र तपश सरकार निवासी प्रतापपुर नंबर 4 थाना खटीमा हाल निवासी संजयनगर खेड़ा वार्ड 11, गौरव सागर पुत्र बिरजू सागर निवासी शिवनगर वार्ड 8 शिव मन्दिर के पीछे तथा आकाश सागर पुत्र चन्द्रसेन निवासी शिवनगर बताया। तलाशी लेने पर पुलिस ने पांचों जुआरियों के पास से कुल 1960 रुपए नगद व ताश गड्डी बरामद की। पाँचो व्यक्तियो ने बताया कि वह मजदूरी करते है और टाईम पास के लिए जुआ खेलते है। पुलिस ने बरामद सामान कब्जे में लेकर पांचों जुआरियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

गुरू मां
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Easy EMI Options Available
गुरू मां GURU MAA ENTERPRISES
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000
सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338